हरिभूमि
रायपुर भूमि




# स्टेशन की लिफ्ट में केवल दिव्यांग और वरिष्ठजनों को सुविधा, बाकी को रोकने दो कर्मचारी तैनात







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आफत की लिफ्ट..स्टेशन में नहीं थम रही समस्या, दो दिन बाद फिर फंसी यात्रियों की सांसें...शीर्षक से हरिभूमि ने 10 अगस्त के अंक में यात्रियों की समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसके बाद अब रेलवे प्रशासन ने अचानक बंद हुए लिफ्ट के दरवाजे को खोलने के लिए 2 कर्मियों को तैनात किया है, जिसमें एक कर्मी लिफ्ट के बाहर और एक अंदर होता है। लिफ्ट कर्मी यात्रियों को ऊपर से नीचे लेकर आता है। लिफ्ट की पड़ताल करने टीम हरिभूमि रविवार को शाम 4 बजे रेलवे ▶▶|शेष पेज 11 पर

## खास बातें

- स्टेशन में 20 प्रतिशत से भी कम दिव्यांग लिफ्ट का करते हैं इस्तेमाल
- आमजनों को लिफ्ट में प्रवेश नहीं देने पर बार-बार विवाद की स्थिति
- लिफ्ट खराब होने के बाद रेलवे को याद आया नियम

## लिफ्ट खराब होने के बाद याद आया नियम

रेलवे स्टेशन में अलग-अलग तीन प्लेटफार्म पर लिफ्ट की सुविधा है। सभी लिफ्ट के ऊपर लिखा हुआ है कि इसका इस्तेमाल केवल दिव्यांग और वरिष्ठजन करें। रेलवे को यह नियम लिफ्ट में तकनीकी खराबी अधिक होने के बाद याद आ रहा है। अब इस नियम को कड़ाई से लागू करने से आम यात्रियों को दिक्कत हो रही है। यात्रियों को भारी सामान लेकर सीढ़ी से चलकर जाना पड़ रहा है। लिफ्ट के बाहर लिखा हुआ है कि 8 यात्री लिफ्ट चढ़ सकते हैं। इसके बाद भी यात्रियों को चढ़ने नहीं दिया जा रहा है। बता दें कि प्लेटफार्म एक की लिफ्ट कभी भी अचानक बंद हो जाती है, इसलिए केवल इसी लिफ्ट में कर्मचारी को तैनात किया गया है। बाकी दोनों लिफ्ट का उपयोग सभी तरह के यात्री कर रहे हैं। इस वजह से एक लिफ्ट को लेकर विवाद हो रहा है।

### 20 प्रतिशत दिव्यांग भी नहीं करते उपयोग

रोजाना सफर करने वालों में दिव्यांग यात्रियों की संख्या 20 प्रतिशत से भी कम है। शनिवार को शाम के 4 से 5 बजे तक एक भी दिव्यांग यात्री ने लिफ्ट का इस्तेमाल नहीं किया। इसके अलावा 30 से अधिक वरिष्ठजन लिफ्ट में चढ़े। प्लेटफार्म एक की लिफ्ट का उपयोग यात्री सबसे ज्यादा करते हैं।



हरिभूमि लगातार

### अब भी लिफ्ट में दिक्कत

हरिभूमि टीम को लिफ्ट मैकेनिक ने बताया कि लिफ्ट की तकनीकी दिक्कत अब भी पूरी तरह से दूर नहीं हुई है। लिफ्ट का वजन करने सामान्य यात्रियों को चढ़ने नहीं दे रहे हैं। अचानक लिफ्ट बंद होने से दरवाजा खोलने चाबी लेकर बाहर खड़े रहते हैं। अगर निगरानी नहीं करेंगे तो यात्री फिर फंस जाएंगे।

## ग्रेड 'ए-1' स्टेशन का ये हाल, लिफ्ट के बाद अब एस्केलेटर भी खराब



देश के ग्रेड 'ए-1' स्टेशन में शामिल राजधानी के रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को हर दिन असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन में लिफ्ट की अभी समस्या खत्म नहीं हुई और इधर फुट ओवरब्रिज से नीचे उतरने के लिए लगाया गया एस्केलेटर खराब हो गया है। स्टेशन में जब तक यात्रियों से असुविधा को लेकर शिकायत न मिल जाए, तब तक जिम्मेदार भी व्यवस्था को दुरुस्त करने में दिलचस्पी नहीं दिखाते। लिफ्ट में केवल दिव्यांग और वरिष्ठजन को ही चढ़ने दिया जा रहा है, जिसके कारण पहले यात्रियों को सामान लेकर फुट ओवरब्रिज के ऊपर से ले जाना पड़ता है, फिर नीचे उतरने के लिए एस्केलेटर पर भी चलना पड़ रहा है। इस असुविधा से बुजुर्गों को काफी दिक्कत हो रही है। शनिवार की शाम 4.30 बजे एस्केलेटर बंद था। एस्केलेटर पर चलकर यात्री नीचे उतरते दिखाई दिए। जानकारी के मुताबिक, लिफ्ट के तरह यह सुविधा भी तकनीकी कारणों से ठप पड़ी है। हर महीने मेंटेनेंस के बावजूद एस्केलेटर खराब हो जाता है।

**स्टेशन में सुविधाएं न मिलने से यात्रियों की दिक्कतें बढ़ीं**

## खबर संक्षेप

### यात्री से मारपीट-लूट दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र में यात्री को झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर मारपीट कर नकदी तीन हजार रुपए तथा मोबाइल लूट के आरोप में पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। रणविजय सिंह के साथ लूट के आरोप में साहिल खान तथा अकबर खान को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी इंटरस्टेट बस टर्मिनल में अनाधिकृत टिकट एजेंट हैं। टिकट विवाद में बदमाशों ने रणविजय के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया था।



### सुपर बाजार में धावा पौने दो लाख की चोरी

**रायपुर।** विधानसभा थाने में एक सुपर बाजार के संचालक ने अज्ञात चोर के खिलाफ पौने दो लाख रुपए के सामान चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। यश्वनी कुमार तिवारी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। यश्वनी ने पुलिस को बताया कि टेकारी में उसकी बीपी सुपर बाजार के नाम से दुकान है। शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात अज्ञात चोर दुकान की ऊपरी मंजिल के रास्ते अंदर घुसा और कांच का दरवाजा तोड़कर दुकान के अंदर रखे सामान चोरी कर ले गया।

### बस में गांजा तस्करी दो तस्कर पकड़े गए

**रायपुर।** भाठागांव बस स्टैण्ड गांजा तस्करों का अड्डा बन गया है। पुलिस ने महाराष्ट्र और यूपी के दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनसे 1.19 लाख का गांजा बरामद किया है। आरोपी रितेश धोतरे पनवेल महाराष्ट्र तथा कमल राजपूत हरदोई उत्तरप्रदेश का रहने वाला है। आरोपी गांजा ओडिशा से लेकर आए थे और अपने-अपने शहर जा रहे थे। सूचना पर उन्हें हिरासत में लेकर बैग में रखा गांजा बरामद किया गया।



### कैंसर पीड़ित गया इलाज कराने, घर में चोरी

**रायपुर।** कैंसर के इलाज के लिए हैदराबाद गए व्यक्ति के सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने करीब साढ़े पांच लाख रुपए का सामान पार कर दिया। सूचना पर घर पहुंची उनकी बेटी नेहा अग्रवाल की शिकायत पर सिविल लाइंस पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। शंकर नगर में रहने वाले मदन लाल अग्रवाल के घर के पिछले हिस्से के दरवाजे का ताला तोड़कर साढ़े पांच लाख रुपए के सामान पर हाथ साफ कर दिया।

### महाराष्ट्र से प्याज की आवक हुई आधी, कीमत में लगी आग

# आलू के बाद प्याज का बंगाल कनेक्शन, ज्यादा सप्लाई वहां, इसलिए छग में कीमत 50 पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पश्चिम बंगाल के कारण अपने प्रदेश में आलू के बाद अब प्याज की कीमत में भी आग लग गई है। दोनों की कीमत चिल्हर में 50 के पार हो गई है। एक तरफ जहां बंगाल से आलू को दूसरे राज्यों में जाने से रोक दिया गया है, जिसके कारण आलू की कीमत बढ़ गई है। वहीं अब महाराष्ट्र से प्याज की सबसे ज्यादा खरीदारी बंगाल के लिए होने के कारण जहां छत्तीसगढ़ सहित दूसरे राज्यों में प्याज की आवक कम हो गई है, वहीं कीमत भी आसमान पर चली गई है। आने वाले समय में प्याज की कीमत और बढ़ने की संभावना है। दक्षिण भारत से प्याज की आवक होने पर ही कीमत में कमी आएगी।

छत्तीसगढ़ के साथ देश के ज्यादातर राज्यों में प्याज महाराष्ट्र के नासिक से आता है। कुछ दिनों पहले तक तो वहां से आने वाले प्याज की जहां आवक ठीक हो रही थी, वहीं कीमत भी कम होने के कारण यह थोक बाजार में 30 से 32 रुपए में बिक रहा है। ऐसा ▶▶|शेष पेज 11 पर

हरिभूमि सरोकार



**आवक हुई आधी**

राजधानी रायपुर के साथ बिलासपुर और प्रदेश की कुछ अन्य थोक मंडियों में महाराष्ट्र से रोज 50 ट्रक प्याज आता है, लेकिन बीते तीन दिनों से महाराष्ट्र से आने वाला प्याज आधा हो गया है। रायपुर में ही रोज 20 से 25 ट्रक माल आता है, लेकिन अब मुश्किल से 10 से 12 ट्रक प्याज ही आ रहा है। अब कीमत ज्यादा होने के कारण थोक में प्याज की कीमत 40 रुपए तक पहुंच गई है। जहां तक चिल्हर का सवाल है तो राजधानी रायपुर में अलग-अलग बाजारों में इसकी कीमत 50 से 55 रुपए किलो हो गई है।

**आवक कम होने से बढ़ी कीमत**

महाराष्ट्र के प्याज की आवक कम होने से कीमत में इजाफा हुआ है।
- **अजय अग्रवाल**, अध्यक्ष, भनपुरी, थोक-प्याज संघ

### बंगाल के आलू बैन

बीते माह से पश्चिम बंगाल से आने वाले आलू पर वहां की सरकार ने बैन लगा दिया है। वहां की सरकार ने अपने कारोबारियों से साफ कह दिया है कि पहले अपने राज्य में पूर्ति करें, उसके बाद ही बाहर के राज्यों को आलू दें। ऐसे में बंगाल के कारोबारी वैध रूप से तो आलू दूसरे राज्यों को नहीं बेच रहे हैं, लेकिन फिर भी वहां से आलू छत्तीसगढ़ सहित दूसरे राज्यों में जा रहा है। ऐसे में वहां से आलू ज्यादा कीमत पर आ रहा है। प्रदेश में बंगाल और उत्तरप्रदेश से मिलाकर रोज 60 ट्रक आलू आता है। यूपी से तो पूरा माल आ रहा है, लेकिन बंगाल से बहुत कम माल आने के कारण इसकी कीमत ज्यादा हो गई है। बंगाल का आलू रायपुर और दुर्ग संभाग में ज्यादा चलता है। यहां पर इस समय बंगाल के पहाड़ी आलू की कीमत थोक में 35 से 48 रुपए है, लेकिन यह चिल्हर में 50 से 55 रुपए में बिक रहा है। यूपी का गोला और पहाड़ी आलू यहां पर 40 से 45 रुपए में बिक रहा है।

# फैमिली ट्रिप के बहाने गांजा तस्करी, युवती समेत दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निजात अभियान के तहत दो अलग-अलग मामलों में एक युवती समेत कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पहले मामले में युवती और उसके साथी को मंदिर हसौद पुलिस ने 50 किलो गांजा के साथ पकड़ा है। वहीं दूसरे मामले में गंज पुलिस ने स्टेशन रोड स्थित एक महंगे होटल से पंजाब के दो तस्करों को सवा चार ग्राम अफीम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया है।

- दूसरे मामले में पंजाब के दो तस्कर अफीम के साथ पकड़े गए

पुलिस के मुताबिक, गांजा तस्करी के आरोप में कबीर नगर निवासी सतीश अग्रवाल तथा कामेश्वरी गोस्वामी को गिरफ्तार किया गया है। ओडिशा के रास्ते गांजा ▶▶|शेष पेज 11 पर

### नागपुर के रास्ते रायपुर पहुंचे अफीम तस्कर

एक अन्य मामले में गंज पुलिस ने स्टेशन रोड स्थित होटल इम्पीरियल में ठहरे पंजाब तरनतारन निवासी हरजीत सिंह तथा पवनप्रीत सिंह को अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, दोनों ने अफीम बेचने पहले नागपुर में स्टे किया। इसके बाद रायपुर पहुंचे। दोनों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया। जब्त अफीम की कीमत 90 हजार रुपए आंकी गई है।

# ईडी का दावा- अनवर ढेबर आबकारी विभाग में रखता था मंत्री की हैसियत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शराब घोटाले के आरोपी अनवर ढेबर तथा एपी त्रिपाठी को मेरठ जेल से वापस रायपुर लाने के बाद ईडी ने दोनों आरोपियों से पूछताछ करने रिमांड पर लिया है। अनवर तथा एपी से पूछताछ के आधार पर ईडी ने बयान जारी कर दावा किया है कि अनवर ढेबर ने पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा के साथ मिलकर सिंडीकेट बनाया था। अनिल टुटेजा विभाग में अपने पसंदीदा अफसरों की नियुक्ति कराता था। ईडी के अनुसार, अनवर ढेबर ▶▶|शेष पेज 11 पर

- आईएएस अनिल टुटेजा के साथ मिलकर सिंडीकेट ऑपरेट कर रहा था ढेबर

### तीन वर्षों तक चला खेल

ईडी के दावों के मुताबिक, शराब घोटाले का खेल वर्ष 2019 से 2022 के बीच जारी रहा। घोटाला करने कई तरीके अपनाए गए, उनमें नकली होलोग्राम का इस्तेमाल भी शामिल है। ईडी ने घोटाले को तीन केटेगरी ए बी सी में बांटा है। तीन केटेगरी में जो घोटाला किया गया, वह इस तरह से है।

**पार्ट ए** - छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (शराब की खरीद और बिक्री के लिए राज्य के निकाय) की ओर से शराब की प्रत्येक पेटी के लिए डिस्टलर्स से रिश्वत ली गई थी। इस पार्ट में सीएसएमसीएल के एमडी अरुणपति त्रिपाठी को अपने पसंद के डिस्टिलरी की शराब को परमिट करना था। जो रिश्वत-कमीशन को लेकर सिंडीकेट का हिस्सा हो गए थे।

**पार्ट बी** - सरकारी शराब दुकान के जरिए बेहिसाब कच्ची और देशी शराब की अवैध बिक्री की गई। उक्त बिक्री नकली होलोग्राम से हुई, जिससे राज्य के खजाने में एक भी रुपया नहीं पहुंचा और बिक्री की सारी राशि सिंडीकेट की जेब में पहुंची।

**पार्ट सी** - कार्टेल बनाने और बाजार में निश्चित हिस्सेदारी रखने की अनुमति देने के लिए डिस्टलर्स से रिश्वत ली गई और एफएल 10 ए लाइसेंस धारक, जो विदेशी शराब उपलब्ध कराते थे, उनसे भी कमीशन लिया गया।

### घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की ताजनगर चौकी की

# शोरूम के ग्राहकों से परेशान लोगों का अनोखा प्रदर्शन, बीच सड़क पर खड़ी कर दीं गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडरी के आसपास कई शोरूम संचालित हैं। पुराने नक्शे के हिसाब से बने शोरूम के बाहर पार्किंग की किसी भी तरह की व्यवस्था नहीं होने की वजह से शोरूम आने वाले ग्राहक अपने वाहन आसपास के घरों के सामने पार्क कर देते हैं। इससे परेशान होकर वहां के रहवासियों ने रविवार को अनोखे तरीके से प्रदर्शन करते हुए अपने घरों के सामने पार्क वाहन उठाकर बीच सड़क पर खड़े कर दिए। इसके चलते ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हो गई। घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की ताजनगर चौकी की है। पुलिस के मुताबिक, मंडी गेट के आसपास संचालित शोरूम में आने वाले ग्रहकों के वाहन बीच सड़क पर खड़े होने की सूचना मिली। इसके बाद ताजनगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची तो क्षेत्र के रहवासियों ने पुलिस को बताया कि शोरूम में आने वाले ग्राहक अपने वाहन उनके घरों के सामने पार्क कर देते हैं, जिसके चलते उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। शिकायत के बाद भी शोरूम संचालकों द्वारा वाहन पार्किंग की व्यवस्था नहीं करने पर उन्होंने शोरूम में आने वाले ग्राहकों की ▶▶|शेष पेज 11 पर

# 15 अगस्त तक केवल मानसून द्रोणिका का सहारा, भारी बारिश अभी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में 15 अगस्त तक भारी बारिश की संभावना काफी कम है। यहां हल्की से मध्यम बारिश के लिए केवल मानसून द्रोणिका का सहारा है, जो अपनी सामान्य स्थिति में मौजूद है। रविवार को शहर में दिनभर बादल छाए रहे, जिससे कुछ देर तक फुहारें भी पड़ती रहीं। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक, बारिश के लिए किसी भी क्षेत्र में मानसून द्रोणिका के साथ किसी अन्य मौसम तंत्रिका का सक्रिय होना जरूरी है। प्रदेश को प्रभावित करने अभी किसी तरह का सिस्टम नहीं है, जिसकी वजह से यहां भारी बारिश की संभावना नहीं के बराबर है। कहीं-कहीं छिटपुट वर्षा जरूर हो सकती है। माना जा रहा है कि 15 अगस्त तक प्रदेश में पुनः मौसम बदलने के आसार नहीं दिख रहे हैं। पिछले चौबीस घंटे में सबसे ज्यादा चार सेमी. बारिश बस्तर ▶▶|शेष पेज 11 पर

- शहर में दिनभर छाए रहे बादल, थोड़ी देर पड़ी फुहारें



### राज्य में 796 मिमी. बारिश

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में 1 जून से लेकर अब तक 796 मिमी. बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य से 12 प्रतिशत अधिक है। रायपुर में वर्षा का आंकड़ा 669.8 मिमी. है, जो सामान्य से 8 प्रतिशत ज्यादा है। राज्य में सरगुजा जिले में 418 मिमी. बारिश हुई है, जो सामान्य से 44 प्रतिशत कम है।

# मोबाइल गिरने के विवाद में तीन पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र में मोबाइल गिरने के विवाद को लेकर एक युवक ने तीन युवकों पर चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। चाकूबाजी की घटना में एक युवक बुरी तरह से घायल हो गया। उसकी पेट की आंतें बाहर निकल आई हैं।

### एक की आंत बाहर निकली



घटना शनिवार देर रात संतोषीनगर स्थित एक आटा चक्की के पास की है। पुलिस के मुताबिक, रूपेंद्र निषाद ने प्रीतम साहू के खिलाफ चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। रूपेंद्र ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को वे महादेवघाट सैर करने जा रहे थे। तब उसके दोस्त हरिवंश यादव ने प्रीतम से उसका मोबाइल देखने के लिए मांगा। इस दौरान मोबाइल हरिवंश के हाथ से छूट गया। इसी ▶▶|शेष पेज 11 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## चकल्लस

### लगेगा तबादलों का करंट

प्रदेश में सरकार के बदलने के बाद कई विभागों में तबादले हो रहे हैं, लेकिन अब तक बिजली विभाग इससे अछूता है। खबरी बता रहा था, बिजली विभाग में कई अधिकारी पांच साल से ज्यादा समय से जमे बैठे हैं। ये अधिकारी नई सरकार में भी जुगाड़ लगाने में जुटे हुए हैं कि उनका तबादला न हो। कई अधिकारियों की शिकायतें भाजपा नेता भी लगातार कर रहे हैं, जिनके कारण प्रदेश सरकार बदनाम हो रही है। ये अधिकारी वे हैं, जिनके कारण बिजली व्यवस्था चरमरा रही है। इनको भाजपा नेता पंजा छाप अधिकारी मानते हैं। ये अधिकारी व्यवस्था ठीक करने में कोई रुचि भी नहीं ले रहे हैं, इनको लगता है कि आज नहीं तो कल, तबादला हो ही जाना है, फिर काम करने से क्या फायदा। वैसे भी उन पर तो पंजा छाप अधिकारी होने का ठप्पा लगा ही हुआ है।

### अरे इसकी क्या जरूरत थी?

उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेजों में प्रवेश की तिथि बढ़ा दी है। लेकिन हम बता रहे हैं आपको कि इसकी कोई जरूरत ही नहीं थी। क्या है कि बगैर तिथि बढ़ाए भी थोक में दाखिले कुछ दिनों के अंतराल में हुए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नए प्रावधानों ने वैसे भी प्राध्यापकों को हलाकान कर रखा है। बार-बार प्रवेश तिथि बढ़ाए जाने से वे और अधिक झल्लाए हुए हैं। वैसे सुनने में आया है कि सरकार के कुछ मंत्री ही इस नई शिक्षा नीति से विशेष प्रसन्न नहीं हैं। लेकिन मामला ऊपर का है तो मन मारकर इसे लागू करना पड़ा, वो भी आनन-फानन में। इसके आधे नियम-कायदे तो बनाने वालों के ही पल्ले नहीं पड़ रहे हैं।

### पीएससी से प्रेरणा

रविवि में इन दिनों पूरे का पूरा अंधेर नगरी चौपट राजा वाला सीन चल रहा है। जब से नए महाराज सत्तानशी हुए हैं, तब से वे कुछ ना कुछ ऐसा कर ही देते हैं कि लुटेरों की चांदी हो जाती है। पहले उन्होंने नए-नए प्रयोग किए अब नए-नए नियम बना रहे हैं। सुनने में आया है कि पीएचडी प्रवेश नियमों में बदलाव सेटिंग करने के लिए की गई है। पहले सिर्फ लिखित परीक्षा के आधार पर प्रवेश दे दिए जाते थे। अब इंटरव्यू भी होगा। लगता है रविवि ने पीएससी से प्रेरणा ली है। वैसे नए महाराज पुराने वाले पीएससी साहब से मिल लें तो और विस्तार से टिप्स मिल जाएंगे।

### मुखिया के सामने तू-तड़ाक...

स्वास्थ्य संचालनालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान प्रशासनिक सेवा से जुड़े दो बड़े अधिकारी आपस में भिड़ गए। दोनों अफसरों के बीच विवाद की वजह फंड आवंटन था। एक का आरोप था कि उनके महकमे के राशि आवंटित नहीं की जा रही है, जबकि दूसरे का तर्क था कि साहब और उनका महकमा खर्च नहीं कर पाता, जिसकी वजह से राशि लैप्स हो जाती है। विवाद थोड़ी ही देर में तू-तड़ाक तक पहुंच गया और वे ये भी भूल गए है कि विभाग के मुखिया वहां मौजूद हैं। मामला बिगड़ते देख बड़े साहब तो वहां से चले गए, मगर अन्य विभागों के संचालक और उपसंचालक उनके विवाद के साक्षी बने बैठे रहे और बाहर आकर मामले को वायरल करते रहे।

### डॉक्टरों को कड़ी खुराक

करोड़ों की अनियमितता मामले में निलंबित किए चिकित्सा शिक्षा विभाग के उपसंचालक पर कार्रवाई का विरोध-प्रदर्शन करने का मंशा जाहिर करने वाले मेडिकल टीचर्स एसोसिशन ने अपना फैसला वापस ले लिया। निलंबित चिकित्सक को समर्थन देने के लिए एसोसिएशन ने बकायदा प्रेस रिलीज जारी की थी। यह विरोध शासन स्तर के अधिकारियों को नागवार गुजरा, जिसके बाद डॉक्टरों को कड़ी खुराक दी गई, इससे उनको फैसला बदलना पड़ गया।

### पचड़े में फंस गए 300 करोड़

बिना मांग के तीन सौ करोड़ से ज्यादा की दवा और रीएजेंट सप्लाई करने वाली कंपनी खूब हाथ पैर मार रही है। बड़े-बड़े ऑफर दे रही है कि 300 करोड़ का भुगतान करा दीजिए। जो बोलेंगे कर देंगे। दिल्ली तक का जेक लगा दिया है। ऐसे-ऐसे लोगों से सिफारिश कराई जा रही है जिनको नेताजी मना ही नहीं कर पा रहे। लेकिन खबरी बता रहा था कि साहब ने हाथ जोड़ दिए हैं कि नहीं हो पाएगा। इतना रायता फैल गया है कि अब अगर 300 करोड़ का भुगतान किया तो यही समझा जाएगा कि साहब सेट हो गए और करोड़ों रुपए अंदर कर लिए।

### विदा नहीं संविदा

छत्तीसगढ़ की नौकरशाही में अफसरों के मजे हैं, ये अब से नहीं, राज्य गठन के समय से है। अफसर अपना सेवाकाल पूरा करने के बाद भी संविदा में नौकरी की बहाली करा लेते हैं, लेकिन यह सौभाग्य केवल उन्हीं अफसरों को मिल पाता है, जो राजनीति के मामले में नेताओं को भी मात देते नजर आते हैं। ऐसे कई उदाहरणों के बीच एक मामला ऐसा भी है, जिसमें राज्य की नौकरशाही के सबसे बड़े पद से रिटायर होने के बाद अफसर फिर संविदा पा गए। जब सरकार बदली तो उन्हें वापस जाना पड़ा, लेकिन साहब का पॉवर देखिए कि फिर वापसी कर उन्होंने सबको चौंका दिया। ऐसे कई और अधिकारी हैं, जो रिटायरमेंट के बाद विदा नहीं हो रहे, संविदा का आदेश निकलवा रहे हैं।

### किस-किस को ठोकोगे भैय्या...

राज्य की नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों में कांग्रेस के अध्यक्ष काम कर रहे थे, पिछली सरकार ने इन्हें चेक साइन करने का अधिकार दे रखा था। इस नियम को भी बदल दिया गया। अब अध्यक्षों की जगह अधिकारी चेक साइन कर रहे हैं। बात यही खत्म नहीं हुई। भाजपा सरकार नगरीय निकायों के साथ पंचायतों के चुनाव भी एक साथ कराने की तैयारी में है। कांग्रेसी बड़ी उलझन में हैं। उनकी ओर से सवाल है, और किस-किस को ठोकोगे भैय्या... क्योंकि सरकार रोज नए नए आदेश निकालकर दिक्कत बढ़ा रही है।

### सीखने का बहाना..

सीखने और सिखाने के नाम के नाम पर शहर में बहुत कुछ चल रहा है, जिसमें साहब से लेकर बाबू तक बहती गंगा में हाथ धोने से चूक नहीं रहे। पहले रेवेन्यू वाले स्टडी टूर पर बाहर से सैर-सपाटा कर आए। अबकी बार मेंबरों की निकल पड़ी। ऊटी, मैसूर घूमने वाले मेंबर्स के साथ उनके रिश्तेदार भी सीखने के बहाने टूर पर निकल पड़े। खबरीलाल को पता चला है कि होटल में पार्टी, खूबसूरत लोकेशन पर सेल्फी से लेकर खाने-पीने तक का पूरा इंतजाम रहा। एक मेंबर ने पूछ ही लिया, यहां से सीखकर जाएंगे तो इसका करेंगे क्या? दूसरे ने कहा, कुछ करने का टाइम ही कहां बचा, अब तो टाटा, बाय-बाय कहने के दिन आ गए।

### इधर के न उधर के ...

हेल्थ डिपाटमेंट वाले साहब को रिटायरमेंट से पहले पनिशमेंट के रूप में आउटर जोन हकाल भेजा गया। अब साहब भुनभुना रहे कि हेड आफिस में छह महीने काट लेते तो इनका क्या बिगड़ जाता। इस उमर में ज्यादा भागदौड़ की तो लेने के देने पड़ जाएंगे। कलीग ने ढाढस बंधाते हुए समझाया, साहब जो जगह मिली है, वहीं समय काट लीजिए, नहीं तो इधर के रहेंगे न उधर के। साहब समझ गए कि चुप रहने में भलाई है।

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी, सुरेंद्र शुक्ला
प्रदीप शर्मा, विकास शर्मा, रुचि वर्मा।

# चुनाव में क्यों हुई हार, कांग्रेस की रिपोर्ट तैयार, भूपेश-बैज को दिल्ली बुलावा

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के नेताओं की सोमवार को दिल्ली में कांग्रेस की अहम बैठक बुलाई गई है। वीरप्पा मोहली की रिपोर्ट पूरी होने के बाद अंतिम रिपोर्ट के संबंध में प्रदेश के नेताओं से चर्चा कर आलाकमान को सौंपी जाएगी। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में हार को लेकर बनी फैक्ट फाइंडिंग कमेटियों की रिपोर्ट ने हार के कारणों का खुलासा किया है। मोइली कमेटी ने छत्तीसगढ़ में




विधानसभा चुनाव में शर्मनाक हार और लोकसभा में भी सीटें घटने की वजह बताई है। जानकारी के मुताबिक, संगठन चुनाव, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और राज्यों के संदर्भ में लोकसभा चुनावों में हार को लेकर बनी फैक्ट फाइंडिंग कमेटियों की रिपोर्ट पर चर्चा हो सकती है। सूत्रों की मानें तो इसी रिपोर्ट पर चर्चा के लिए भूपेश बघेल और दीपक बैज तथा राज्य के वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिल्ली बुलाए गए हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि हार के कारणों के आधार पर प्रदेश की अगली रणनीति बनाई जाएगी और बड़ा फेरबदल भी तय है। राज्य में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को देखते हुए संगठन को मजबूत करने के संबंध में रणनीति तैयार की जाएगी।

### जून में हुई थी समीक्षा

कांग्रेस ने विधानसभा और लोकसभा चुनाव में हार के बाद फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई थी। कमेटी का अध्यक्ष वीरप्पा मोइली को बनाया गया था। कमेटी ने अलग-अलग लोकसभा में जाकर हार का कारण जानने की कोशिश की थी। अब फाइनल रिपोर्ट बनने के बाद इसे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को सौंपा जाएगा।

### बैज और भूपेश गए दिल्ली

पूर्व सीएम भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज दिल्ली रवाना हो गए हैं। दोनों ही अलग-अलग विमान सेवा से दिल्ली गए। श्री बैज दोपहर की उड़ान से दिल्ली रवाना हुए। वहीं भूपेश बघेल देर शाम की फ्लाइट से रवाना हुए। वे देर रात दिल्ली पहुंचे। अन्य नेताओं में पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, धनेंद्र साहू और मोहन मरकाम भी इस बैठक में शामिल होंगे।

## आंखों की तमाम बीमारियों के लिए बनेगा प्रदेश का पहला बड़ा संस्थान

# माना हास्पिटल बनेगा 150 बेड का रीजनल आई इंस्टीट्यूट, 61 का सेटअप मंजूर

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

आंखों से संबंधित बीमारियों से संपूर्ण तरह के इलाज के लिए माना आई हास्पिटल को मल्टीस्पेशलिटी सुविधाओं के साथ विकसित किया जाएगा। डेढ़ सौ बेड के रीजनल आई इंस्टीट्यूट के रूप में इसके लिए 61 पदों की स्वीकृति दी गई है। आने वाले दिनों में यहां जरूरी उपकरणों के साथ मार्डन ओटी तैयार किया जाएगा।

- जरूरी उपकरण, मार्डन ओटी होगा तैयार, एक करोड़ की पहली किस्त जारी

शासन द्वारा इसके लिए एक करोड़ की पहली किस्त जारी की जा चुकी है।

राज्य में शासकीय स्तर पर आंखों की बीमारी के उपचार की बड़ी सुविधा नहीं है। निजी अस्पतालों में आंखों से संबंधित सर्जरी की सुविधा आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से नहीं है। इसी वजह से लोगों को आंखों से संबंधित समस्या के उपचार के लिए निजी अस्पतालों में जाकर पैसे खर्च करना पड़ते हैं। आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए माना के हास्पिटल (सिविल अस्पताल) को आंखों के इलाज के लिए सर्व सुविधायुक्त बनाने की योजना पर काम शुरू किया गया है। निजी अस्पतालों की तर्ज पर यहां सुविधा जुटाने के लिए प्रांतीय नेत्र चिकित्सा संस्थान के रूप में इसे विकसित किया जाएगा। अनुपूरक बजट में इसके लिए 61 पदों का सेटअप स्वीकृत किया गया है, जिसके जरिए डेढ़ सौ बेड वाले अस्पताल में आने वाले मरीजों को आंखों के उपचार की निशुल्क सुविधा दी जाएगी।



### चार नेत्र विशेषज्ञ, 25 नर्सिंग स्टाफ

रीजनल आई इंस्टीट्यूट में चिकित्सा अधीक्षक के साथ चार नेत्र विशेषज्ञों की भर्ती की जाएगी। इसके अलावा चिकित्सा अधिकारी, 25 स्टाफ नर्स, आठ नेत्र सहायकों के साथ कुल 61 चिकित्सकीय सहित अन्य स्टाफ की भर्ती की जाएगी।

### मिलेगी बड़ी सुविधा

राज्य में शासकीय स्तर पर नेत्र संबंधी रोगों के इलाज के लिए कोई बड़ा संस्थान नहीं था। रीजनल आई इंस्टीट्यूट को निजी अस्पतालों की तर्ज पर सर्व सुविधायुक्त बनाया जाएगा। इसके लिए सेटअप स्वीकृत किया गया है। राज्य के लिए आंखों के इलाज के क्षेत्र में यहां बड़ी सुविधा होगी। इसके लिए एक करोड़ की प्रथम किस्त जारी की गई है।

**- श्याम बिहारी जायसवाल**, स्वास्थ्य मंत्री

### अभी मोतियाबिंद पर फोकस

*माना अस्पताल में उपलब्ध सौ बेड का उपयोग मोतियाबिंद की सर्जरी के लिए किया जा रहा है। यहां नेत्र सहायकों द्वारा भेजे जाने और जिला अस्पताल से आने वाले मरीजों का ऑपरेशन किया जाता है। इसके अलावा यहां प्राथमिक तौर पर रेटिना की जांच भी की जाती है, जिसका ऑपरेशन आने वाले दिनों में प्रारंभ किया जाएगा। यहां आंखों की सर्जरी के लिए दो ऑपरेशन थियेटर की सुविधा है।*

### नवा रायपुर में बनेगा सिविल अस्पताल

*माना के सिविल अस्पताल को रीजनल आई इंस्टीट्यूट बनाने के बाद नए सिविल अस्पताल के रूप में नवा रायपुर के ग्राम राखी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को विकसित किया जाएगा। यहां पचास बिस्तर की सुविधा होगी। सिविल अस्पताल के रूप में यहां के पुराने भवन को रेनोवेट किया जाएगा। माना के इस आई इंस्टीट्यूट का संचालन जिला स्वास्थ्य विभाग से पृथक होकर राज्य स्तर पर किया जाएगा।*

## 15 अगस्त से ई-ऑफिस एक क्लिक से पता चलेगा-कहां अटकी हैं फाइलें

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

राज्य सरकार डिजिटल तकनीक को बढ़ावा देने की दिशा में आगे बढ़ रही है। सभी सरकारी कार्यालयों के कामकाज में पारदर्शिता व तेजी लाने डिजिटल तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। अब ई-फाइल तकनीक से मंत्रालय में सभी नोटशीट ऑनलाइन लिखी जाएंगी। मंत्रालय में किस स्तर पर कितने दिनों से फाइल रुकी हुई है, इसकी जानकारी भी तत्काल मिल जाएगी।

- मंत्रालय में कामकाज का सिस्टम बदलेगा

15 अगस्त से मंत्रालय में ई-ऑफिस के क्रियान्वयन का निर्णय लिया गया है। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने पिछले दिनों ई-ऑफिस के क्रियान्वयन की समीक्षा की। एनआईसी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने मंत्रालय में ई-ऑफिस प्रक्रिया का प्रस्तुतिकरण दिया। ई-ऑफिस के अंतर्गत ई-फाइल मैनेजमेंट सिस्टम, ई-फाइल प्रोसेस, एपीआई यूनिट डेटा डिस्प्ले, इंपलिमेंट ई-ऑफिस, ई-फाइल एमआईएस रिपोर्ट सहित ई-ऑफिस की अन्य गतिविधियां संचालित होंगी। 15 अगस्त से मंत्रालय में ई-ऑफिस का क्रियान्वयन चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। राज्य की भाजपा सरकार ने हर विभाग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व आईटी को बढ़ावा देने की योजना बनाई है। सरकार की मंशा है कि छत्तीसगढ़ ई-गवर्नेंस की दृष्टि से मॉडल राज्य बने।

### सभी निकायों में बजट एकाउटिंग माड्यूल

*जानकारी के मुताबिक, प्रदेश के 168 नगरीय निकायों में ई-गवर्नेंस के तहत बजट एंड एकाउंटिंग मॉड्यूल स्थापित किया जाएगा। 47 नगरीय निकायों में प्रॉपर्टी सर्वे के लिए जीआईएस आधारित सॉफ्टवेयर निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। इससे प्रॉपर्टी टैक्स की प्राप्तियों में पारदर्शिता आएगी। इन कार्यों के लिए 30 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। विभागवार महत्वपूर्ण अभिलेखों को डिजिटल रूप में तैयार करके छत्तीसगढ़ वेब अभिलेखागार आम लोगों की सुविधा के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।*

## राइस मिलर्स का राज्य सरकार पर 3 हजार करोड़ बकाया, वसूलने आज बनेगी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

छत्तीसगढ़ में राइस मिलर्स के करीब तीन हजार करोड़ रुपए बकाया हैं। यह सारी राशि पिछली कांग्रेस सरकार के समय की है। मिलर्स ये राशि अदा करने के लिए सरकार से बार-बार आग्रह कर चुके हैं, लेकिन बकाया राशि अब तक नहीं मिली है। अब छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन ने यह रकम सरकार से वसूल करने की तैयारी कर ली है। इस सिलसिले में राइस मिलर्स की एक बैठक रायपुर में रखी गई है, जहां प्रदेशभर के मिलरों को बुलाया गया है।

### सबसे अधिक 2 हजार करोड़ मिलिंग के बाकी

राज्य के राइस मिलर्स को प्रदेश सरकार से करीब तीन हजार करोड़ रुपए लेने हैं। इसमें सबसे अधिक राशि कस्टम मिलिंग की दो हजार करोड़ रुपए है। साथ ही पिछली सरकार के समय मिलरों से धान खरीदी के लिए पुराने बारदाने (बोरे) लिए गए थे, इसकी कीमत करीब 500 करोड़ रुपए होती है। यह राशि भी सरकार ने अब तक नहीं दी है। इसके अलावा ट्रांसपोर्टेशन और एफआरके की राशि मिलाकर कुल रकम तीन हजार करोड़ रुपए के करीब है।

### मिलरों का हालत खराब, आर्थिक तंगी


छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल का कहना है कि प्रदेश में राइस मिलरों की हालत खराब हो गई है। सरकार से बकाया राशि नहीं मिलने के कारण मिलरों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। हालांकि बकाया राशि पिछली कांग्रेस सरकार के समय की है। भाजपा सरकार ने मिलरों को अब तक 1200 करोड़ रुपए दिए हैं, लेकिन बकाया राशि के लिए मिलर्स जोर लगा रहे हैं। यही कारण है कि सोमवार को प्रदेश के सभी मिलरों की मीटिंग रखी गई है। इसमें खुली चर्चा होगी और आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

### कस्टम मिलिंग नीति में मिलरों को करें शामिल

छत्तीसगढ़ सरकार इस साल खरीफ सीजन के लिए नई कस्टम मिलिंग नीति बनाने की तैयारी में है। इस संबंध में राइस मिलर्स एसोसिएशन की मांग है कि जब यह नीति बनाई जाए तो उसमें मिलर्स को भी शामिल किया जाए। मिलरों की मांग है कि कस्टम मिलिंग नीति में सुधार किया जाए।


## पगड़ी रस्म

हाथों की चंद लकीरों का, सब खेल है बस तकदीरो का,



तकदीर है क्या मैं क्या जानू, मैं आशिक हूं तदबीरो का

**श्री भगवती प्रसाद जी बजाज**
**(कर्मयोगी)**

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा हैं कि हमारे
पूज्य श्री भगवती प्रसाद जी बजाज
का स्वर्गवास बुधवार 31.07.2024 को हो गया हैं।

सोमवार, दिनांक 12.08.2024,
प्रसादी, दोपहर 12.30 बजे से 3 बजे तक
पगड़ी रस्म, शाम 4 बजे
स्थान- श्री सालासार धाम, लाभाण्डी, वी.आई.पी. रोड, रायपुर में रखा गया हैं।

शोकाकुलः
छेदीलाल जी बजाज (बड़े भाई), स्व. विजय, अजय, जय बजाज (पुत्र)
कैलाश, किशन, विनय बजाज (भतीजे). विकास विजय, अमित, विशाल, अंकित, अंकुर बजाज (पौंत्र)
विवान, वेदाचल, श्रीराम, शिवेन, तन्मय, क्रिदय, किआन (परपौंत्र) एवं समस्त बजाज परिवार.

संस्थानः
• रायपुर सेल्स कार्पोरेशन (इंडिया), रायपुर • भगवती सुलोचना ऑटोमोटिव्स, रायपुर • एथेना वर्ल्ड स्कूल, रायपुर,
• बी.के. सेल्स, रायपुर • जे.एस. गर्ल्स हॉस्टल, इंदौर • थंडर स्ट्राइक, इंदौर • अंकित ऑटोमोबाईल्स, इंदौर
• विकास इंटरप्राईजेस, कोल्हापुर • विकास एंटरप्राइज़, नागपुर • श्री भगवती ल्यूब्स एण्ड ट्रेक्टर पार्टस, नागपुर

विकास विजय बजाज (प्रदेश मीडिया समन्वय एवं संयुक्त महामंत्री छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी)- (पौंत्र)
संपर्क: 94255 09897, 90097 00030, 98605 88888, 94250 62397

MAHESHWARI


# सावन उत्सव मातृशक्ति की ओर से प्रकृति वंदन : साय

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के तत्वावधान में रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में हरियर सावन महोत्सव का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रहे। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सुनीता दुग्गल व पूजा विधानी ने भी शिरकत की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, नारी का सम्मान हमारी परंपरा रही है। विश्व में भारत एकमात्र देश है, जो अपनी भूमि को मां का दर्जा देकर भारत मां के रूप में देश की पूजा करता है। छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना करके

- भाजपा महिला मोर्चा के सावन उत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री




हम छत्तीसगढ़ की पूजा करते हैं। श्री साय ने अविभाजित मध्यप्रदेश की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता का भी पुण्यस्मरण किया और कहा, भाजपा महिलाओं के राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाओं और कार्यक्रमों पर काम कर रही है। पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनावों में भाजपा को प्रदेश की मातृशक्ति से मिले अपूर्व आशीर्वाद के लिए आभार मानते हुए मुख्यमंत्री ने महिला मोर्चा को इसका श्रेय दिया। हर घर तिरंगा अभियान और एक पेड़ मां के नाम अभियान में महिला मोर्चा की सक्रिय भागीदारी का आग्रह करते हुए श्री साय ने कहा, मोर्चा का यह सावन उत्सव प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना से परस्पर सबको जोड़ने वाला है। प्रदेश की इस सांस्कृतिक विरासत को हम सबको जीवंत बनाए रखना है।

### ये हुए शामिल

*कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया व लक्ष्मी वर्मा, भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव व जगदीश (रामू) रोहरा, पूर्व मंत्री रमशिला साहू, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री चंपादेवी पावले, विभा अवस्थी, उपाध्यक्ष मीनल चौबे, प्रभा दुबे, ममता साहू, शीतल नायक, हेमलता शर्मा, संध्या तिवारी, सुषमा खलको, माया बेलचंदन, अरुणा सिंह, दीप्ति पांडेय, पुनीता डहरिया, मिनी पांडेय, निशा चौबे, आयुषी पाण्डेय समेत सभी कार्यसमिति सदस्य, जिला अध्यक्ष उपस्थित रहीं।*

# राजधानी में भाजपा की बाइक रैली, साथ होगा डेढ़ किमी. लंबा तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा की हर विधानसभा में होने वाली तिरंगा यात्रा का आगाज रविवार से हो गया है। राजधानी रायपुर की चारों विधानसभाओं के लिए अलग-अलग दिन तय किए गए हैं। रायपुर पश्चिम से 14 अगस्त को निकलने वाली तिरंगा यात्रा बहुत खास होगी। इसको लेकर बड़ी तैयारी की गई है। इस यात्रा में बाइक रैली के साथ डेढ़ किलोमीटर लंबा तिरंगा भी रहेगा। 14 अगस्त को भारत माता चौक पर भारत माता की महाआरती के साथ ही विभाजन विभीषिका पर एक बड़ा आयोजन होगा। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल होंगे।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश भाजपा संगठन ने भी प्रदेशभर में हर घर तिरंगा अभियान के साथ हर विधानसभा में तिरंगा यात्रा की योजना बनाई है। चार दिनों तक चलने वाली तिरंगा यात्रा रविवार से प्रारंभ हो गई है। कई विधानसभाओं में पहले दिन यात्राएं निकाली गईं। अब आने वाले तीन दिनों में हर विधानसभा में यात्रा को पूरा किया जाएगा। हर विधानसभा की यात्रा में वहां के विधायक, क्षेत्र के सांसद, जनप्रतिनिधि, भाजपा के पदाधिकारी भी रहेंगे।

***रायपुर में आज से आगाज*** : राजधानी रायपुर की चार विधानसभाओं में तिरंगा यात्रा का आगाज सोमवार से होगा। सबसे पहले रायपुर ग्रामीण में तिरंगा यात्रा निकलेगी। इस विधानसभा में एक यात्रा के स्थान पर चार मंडलों में दो दिनों तक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। दो मंडलों में सोमवार और दो मंडलों में मंगलवार को तिरंगा यात्रा होगी। इसके बाद मंगलवार को रायपुर उत्तर और रायपुर दक्षिण विधानसभा की तिरंगा यात्रा होगी।

## आज रायपुर ग्रामीण, कल उत्तर और दक्षिण और 14 को रायपुर पश्चिम की तिरंगा यात्रा

### रायपुर पश्चिम की तिरंगा यात्रा खास

रायपुर पश्चिम की तिरंगा यात्रा को हमेशा की तरह ही खास बनाने का काम किया गया है। 14 अगस्त को निकलने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर विधायक राजेश मूणत ने बताया, बीते साल की तरह ही इस बार भी डेढ़ किलोमीटर लंबा तिरंगा, यात्रा में रहेगा। इस तिरंगे को बनाने का काम नया सवेरा स्कूल रामनगर द्वारा किया गया है। इस तिरंगे को रामनगर सहित अन्य स्कूलों के विद्यार्थी लेकर चलेंगे। तिरंगा यात्रा में दो हजार बाइक सवार भी शामिल होंगे। इसमें जहां बाइक सवार भगवा पगड़ी धारण किए रहेंगे, वहीं सबके हाथों में तिरंगा भी होगा। तिरंगा यात्रा साइंस कॉलेज के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम से निकलेगी, जो भारत माता चौक तक जाएगी। भारत माता चौक पर महाआरती भी होगी।



### विभाजन विभीषिका पर गोष्ठी

14 अगस्त को ही मेडिकल कॉलेज सभागार में विभाजन विभीषिका पर गोष्ठी का आयोजन किया गया है, जिसमें मुख्य वक्ता प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश और फिल्म अभिनेता आशीष विद्यार्थी होंगे। वक्ता स्वतंत्रता पूर्व भारत के विभाजन पर विस्तृत प्रकाश डालेंगे। टाउन हॉल में पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा।

## केंद्रीय मंत्री यादव करेंगे ऑडिटोरियम और ई-ऑक्शन प्रणाली का उद्घाटन

रायपुर। केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव 12 अगस्त को नवा रायपुर स्थित अरण्य भवन में नवनिर्मित ऑडिटोरियम और इलेक्ट्रॉनिक ऑक्शन प्रणाली का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वनमंत्री केदार कश्यप, केंद्रीय वन महानिदेशक एवं भारत सरकार के विशेष सचिव जितेंद्र कुमार भी शामिल होंगे। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव ने बताया कि लगभग दो करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित अत्याधुनिक ऑडिटोरियम में आंतरिक साज-सज्जा, लाइट, साउंड सिस्टम, वातानुकूलित सुविधा, स्टेज, एलईडी स्क्रीन जैसी समस्त सुविधाओं का समावेश किया गया है।

## निधन

### दयाबेन बारमेड़ा



रायपुर। रायपुर निवासी समाज की वरिष्ठ सदस्य दयाबेन भगतलाल बारमेड़ा (89) का 10 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 अगस्त को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे राजेंद्र, प्रकाश, हिमेश बारमेड़ा की माता थीं।

### नंदकिशोर झुनझुनवाला



रायपुर। हर्षित ज्वेलर्स टाटीबंध निवासी नंदकिशोर झुनझुनवाला का 11 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 अगस्त को सुबह 10 बजे उनके निवास से कोटा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे संतोष झुनझुनवाला के पिता थे।

### लक्ष्मी प्रसाद पांडे



रायपुर। पुरानी बस्ती कंकालीपारा निवासी लक्ष्मी प्रसाद पांडे का 11 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 अगस्त को सुबह 11.30 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे अशोक पांडे, अमित पांडे, ज्योति एवं डॉ. जया के पिता थे।

### शीला देवी बरमट



रायपुर। भैरव सोसायटी निवासी शीला देवी बरमट का 10 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 अगस्त को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे प्रदीप (विक्की) बरमट की माता थीं।

### अरविंद दुबे



रायपुर। उरकुरा निवासी भोजपुरी समाज के वरिष्ठ संरक्षक अरविंद दुबे का दिल्ली में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 अगस्त को सुबह 11 बजे देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सुशीला दुबे के पति और प्रशांत दुबे के पिता थे।

## राजधानी की कॉलोनियों में सुविधाएं देने में अनदेखी से होने लगा कब्जा, इसलिए ऐसा हाल

# सुविधाओं के लिए तरस रहे आरडीए हाउसिंग बोर्ड कॉलोनियों के रहवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

लोगों को मकान व फ्लैट्स बेचते समय आरडीए ही नहीं, हाउसिंग बोर्ड के जिम्मेदार अधिकारी भी कई तरह की सुविधाएं देने का दावा करते हैं। जैसे ही कॉलोनी के फ्लैट्स और एलआईजी, एमआईजी मकान खरीदकर लोग वहां रहने लगते हैं, उसके बाद सुविधाएं देने में कोताही की जाती है। इस स्थिति में कॉलोनी में मकान लेने वाले परिवारों को मनोरंजन के लिए तरसना पड़ता है। इस तरह के हालात शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में 20 साल पहले बसी कॉलोनियों में भी बने हुए हैं।

राजधानी में नौकरी के सिलसिले में आने वाले लोग महंगे किराए की मार से बचने आरडीए व हाउसिंग बोर्ड कॉलोनियों में लाखों रुपए का लोन लेकर मकान खरीदने के बाद फंस रहे हैं। सुविधाओं का अभाव होने की वजह से दफ्तरों व वार्ड प्रतिनिधियों के पास गुहार लगाते फिर रहे हैं। दूसरी तरफ दोनों ही एजेंसियों से मकान व फ्लैट्स लेने वाले वोटर्स के लिए वार्ड के जिम्मेदारों को आरडीए व हाउसिंग बोर्ड से सुविधा देने के लिए बार-बार पत्र व्यवहार करना पड़ रहा है। गार्डन के लिए खाली छोड़ी गई जमीन के आसपास खाली जमीन खरीदने वाले निर्माण के दौरान उस पर कब्जा करने लगे हैं। हीरापुर व सरोना में इसी तरह के हालात हैं।

### 20 साल से यहां उद्यान ही नहीं







#### बोरियाखुर्द में हजार परिवार..

बोरियाखुर्द में भी हीरापुर आरडीए की तरह ही गार्डन के लिए छोड़ी गई जमीन वीरान पड़ी है। वार्ड पार्षद उमा चंद्रहास निर्मलकर ने बताया कि इस कॉलोनी में एक हजार से ज्यादा परिवार निवास करते हैं। शहर का आउटर इलाका होने से लोगों को यहां कई सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है। गार्डन के लिए तय जमीन के एक हिस्से पर बाजार बनवाने और बेचने के बाद आरडीए ने चुप्पी साध ली है। लोगों के आग्रह पर सुविधा देने की मांग को लेकर कई बार पत्र लिख चुकी हूं, फिर भी कोई हल नहीं निकला।

#### किसे दें जिम्मेदारी

कॉलोनियों का निर्माण कराने के बाद वहां के रहवासियों को समिति बनाने के बाद हैंडओवर देने का नियम है। लोगों ने कई समितियां बना ली हैं, किसे जिम्मेदारी दें। इससे गार्डन का मसौदा अटका हुआ है। मामले को हल करने का प्रयास जारी है।

**- अनिल गुप्ता,** अधीक्षण अभियंता आरडीए, रायपुर

#### जानकारी लेंगे

वैसे तो हाउसिंग बोर्ड की ज्यादातर कॉलोनियों को निगम को हस्तांतरित किया जा चुका है। इसके बाद भी अगर कुछ कॉलोनियों में गार्डन का अभाव होगा तो उसकी जानकारी लेने के बाद संज्ञान में लेंगे। समितियों के अभाव की वजह से भी अव्यवस्था है।

**- संदीप साहू,** अधीक्षण अभियंता हाउसिंग बोर्ड, रायपुर

#### लोगों की मांग पर लिखा पत्र

कमलेश बसंत वर्मा ने बताया कि वार्ड में हीरापुर और कबीर नगर में आरडीए व हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनियों में पांच जगह गार्डन बनाने के लिए जमीन आरक्षित है। इन कॉलोनियों में रहने वाले चार हजार से ज्यादा परिवार वार्ड पार्षद होने की वजह से उनसे सुविधाओं की मांग करने आते हैं। 20 साल से भी ज्यादा पुरानी कॉलोनियों में गार्डन बनवाने कई बार पत्र व्यवहार किया। हर बार सिर्फ जल्द निर्माण कराने का आश्वासन मिलता है, जबकि गार्डन की जमीन पर बेजा कब्जा हो रहा है।

#### यहां अब तक नहीं बन पाए गार्डन

कबीर नगर व हीरापुर में ही पानी टंकी क्रमांक-2 के पास गार्डन बनाने के लिए जगह छोड़ी गई है। जहां खाली जमीन पर आसपास के लोगों ने पार्किंग बना ली है। नीलगिरी गार्डन की बाउंड्री होने के बाद भी गेट खोलकर लोग पार्किंग करने लगे हैं। वहीं हाउसिंग बोर्ड की हीरापुर कॉलोनी में गार्डन की जमीन पर लोग कब्जा जमाने लगे हैं। इसी तरह के हालात शिव मंदिर के पास गार्डन की जमीन पर भी बनने लगे हैं। न्यू राजेंद्र नगर की वल्लभनगर कॉलोनी के लोग भी गार्डन के लिए तरस रहे हैं।

## डिप्टी सीएम शर्मा बोले
# माफीनामा नक्सलियों में मतभेद का नतीजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- **आईईडी ब्लास्ट में 2 मासूम बच्चों की मौत, परिजनों से नक्सलियों ने मांगी माफी**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों के माफीनामे संबंधी लिखे गए पत्र को लेकर कहा कि नक्सलियों के कैडर में मतभेद हो गया है। कुछ लोगों को विस्फोट में निर्दोष लोगों के मारे जाने का का दुख है, इसलिए माफीनामा भेजा है। परंतु वे फंस गए हैं और अपने स्वार्थ के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने नक्सलियों से कहा, वे समर्पण करते हैं तो उनकी सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाएगा।

बीजापुर जिले के मुदवेंडी गांव में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से मारे गए 2 मासूम बच्चों के परिजनों से अब नक्सलियों ने माफी मांगी है। नक्सल संगठन के पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी का कहना है कि गांववालों को नुकसान पहुंचाने की हमारी कोई मंशा नहीं थी। जंगल के रास्ते में आईईडी प्लांट थी और इस रास्ते से गांववालों को न जाने पहले ही बता दिया गया था। सरकार-पुलिस के खिलाफ चल रही हमारी लड़ाई से कुछ गलतियां हो रही हैं, इसके लिए माफी मांगते हैं।

**निर्दोष आदिवासियों की मौत की जिम्मेदार सरकार**

दरअसल नक्सलियों के पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी के सचिव मोहन ने शनिवार को माफीनामा के साथ पत्र जारी किया है, जिसमें लिखा है, कि पुलिस ने पीडिया, इतावार समेत अन्य गांवों में फर्जी मुठभेड़ में 80 से ज्यादा लोगों को मारा है, जिसकी जिम्मेदार सरकार है।

आईईडी की चपेट में आकर मारे जा रहे निर्दोष आदिवासियों की जिम्मेदार भी सरकार ही है। पुलिस कैंप खोलकर गांवों पर हमले किए जा रहे हैं। नक्सलियों के पत्र में मीडिया, पत्रकारों से सच्चाई सामने लाने की अपील की गई है। साथ ही नक्सल संगठन की तरफ से संगठन के विरुद्ध दुष्प्रचार का जिक्र करते हुए पत्रकार संघ, संगठन को विचार करने की नसीहत नक्सल संगठन की तरफ से दी गई है।

## बिजनेस साइट

### सेल्स और मार्केटिंग फर्म अनुष्का रियलिटीज की हुई लांचिंग

रायपुर। रीयल एस्टेट सेक्टर में अब जरा हटके काम करेंगे, अनुष्का रियलिटीज और प्रॉपर्टी बायर्स को सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराते हुए जरा हटके पहचान भी स्थापित करेंगे। रीयल एस्टेट मार्केटिंग फर्म अनुष्का रियलिटीज की ग्रैंड लांचिंग के मौके पर मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि अच्छा लगता है, जब किसी सेक्टर में किसी नई फर्म का पदार्पण होता है। लोगों की कई जरूरतें इनसे पूरी होती हैं। इस नए वेंचर की शुरुआत के लिए उन्होने डायरेक्टर अंकुर अरोरा और उनकी पूरी टीम को बधाई दी। होटल ट्रिट्रान में श्री अग्रवाल ने अनुष्का रियलिटीज के लोगों का अनावरण भी किया। समारोह के स्पेशल गेस्ट क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष संजय रहेजा ने कहा कि प्रॉपर्टी खरीदने वाले कस्टमर्स व प्रापर्टी बेचने वाले डेवलपर्स के बीच सेतु का काम करेगी अनुष्का रियलिटीज। डायरेक्टर अंकुर अरोरा ने बताया कि सेल्स व मार्केटिंग के क्षेत्र में काम करने वाली अपनी तरह की यह पहली फर्म होगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष संजय रहेजा के अलावा क्रेडाई छत्तीसगढ़ के सचिव व वॉलफोर्ट ग्रुप के डायरेक्टर पंकज लाहोटी, रजत बिल्डकॉन ग्रुप के डायरेक्टर मृणाल गोलछा, स्वास्तिक ग्रुप के डायरेक्टर सुनील साहू, सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप के सीएमडी सुबोध सिंघानिया, वर्धमान ग्रुप के अभिषेक बछावत व विशिष्टजन उपस्थित थे।




### श्री बालाजी गारमेंट सेल के शॉपिंग फेस्टिवल में सस्ते में राखी, रूमाल और कपड़े

रायपुर। गढ़कलेवा के पास राजभवन गेट नं.-3 के सामने घड़ी चौक स्थित गुरु तेगबहादुर हॉल में चल रहे श्री बालाजी रेडीमेड गारमेंट सेल को रायपुरियंस से बढ़िया रिस्पॉन्स मिल रहा है, क्योकि रक्षाबंधन स्पेशल ऑफर राखी व रूमाल फैक्ट्री रेट पर बेचे जा रहे हैं।

इसके अलावा एक से बढ़कर एक साड़ियां आधी कीमत पर बेची जा रही हैं। आयोजन के संचालक ने बताया कि सेल में 50 से 100 रुपए वाली डायमंड स्टोन फैंसी राखियां मात्र 150 रुपए प्रति दर्जन, रेशमी डोरी की फैंसी राखियां 30 रुपए प्रति दर्जन के भाव से और 30 से 50 रुपए तक में मिलने वाले कॉटन रूमाल सेल में मात्र 10 से 20 रुपए में दिए जा रहे हैं। आगामी रक्षाबंधन को देखते हुए साड़ियों की डिमांड बढ़ गई है। यहां 5000 से 6000 रुपए तक कीमत वाली कांजीपुरम, बनारसी, हैवी वर्क सिल्क साड़ी, समर स्पेशल साड़ियां पूनम, शिफॉन व जॉर्जेट आदि मात्र 199 से 249 रुपए में उपलब्ध हैं। सेल में ब्रांडेड डाउन शोल्डर, टी-शर्ट, कॉलर टी-शर्ट, फुल टी-शर्ट, गोल गला टी-शर्ट 99 से 499 रुपए में, ब्रांडेड फॉर्मल पार्टीवेयर 199 से 499 में, ब्रांडेड जींस, बैगी जीन्स, कार्गो जीन्स मात्र 499, 699 व 999 रुपए में बेची जा रही है। उसी प्रकार ब्रांडेड कुर्ती जयपुरी, बॉम्बे फैंसी लखनऊ चिकन, रॉयन डेली वियर मात्र 499 व 999 में उपलब्ध है। इसके अलावा किड्सवेयर की भी वाइड रेंज है।



## मिनीमाता स्मृति दिवस पर 200 होनहारों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- **मिनीमाता जी का जीवन मानव समाज के उत्थान व भलाई के लिए समर्पित : डॉ. डहरिया**

मिनीमाता अमर रहे के जयघोष के साथ बड़ी संख्या में सतनामी समाज के लोगों ने रविवार को अपनी गुरुमाता और अविभाजित मध्यप्रदेश की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता की 52वीं पुण्यतिथि पर 'मिनीमाता स्मृति दिवस' मनाया गया। साथ ही समाज के लोगों ने पंडरी में स्थापित आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर आदरांजलि दी। राजधानी में गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी तथा राजश्री सद्भावना समिति के संयुक्त तत्वावधान में स्मृति दिवस व प्रतिभा सम्मान समारोह का मुख्य आयोजन न्यू राजेंद्र नगर में हुआ, जहां मंगल भजनों की प्रस्तुति के साथ माताजी के कृतित्व को याद किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा, शिक्षा, पत्रकारिता, विधि, खेल, महिला, जागरूकता, लोककला, रक्तवीर, महिला उत्थान आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सतनामी समाज की 51 महिलाओं को शॉल, प्रतीक चिन्ह, बुके, प्रशस्तिपत्र व साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी तरह कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड के 150 से भी अधिक प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्तिपत्र, मोमेंटो सहित कॉपी, पेन का सेट दिया गया। कार्यक्रम में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया, जहां डॉ. ताम्रध्वज पात्रे अपनी टीम के साथ सेवाएं देते रहे। शिविर का 500 से भी अधिक लोगों ने लाभ लिया।



आयोजन समिति के प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया, कार्यक्रम में अध्यक्ष केपी खंडे, डॉ. जेआर सोनी, डीएस पात्रे, एमडी माहिलकर, जीआर बाघमारे, आरके पाटले, प्रकाश बांधे, टिकेंद्र बघेल आदि सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### शोषित-वंचित लोगों के उत्थान में समर्पित रहा जीवन

इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि माताजी का संपूर्ण जीवन शोषण व वंचित लोगों के उत्थान व भलाई के लिए समर्पित रहा। उन्होंने बालिका शिक्षा, अस्पृश्यता निवारण सहित छग की अनेकों सिंचाई परियोजनाओं को पूरा कराया। आज समाज माताजी के पदचिन्हों पर चलकर आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं बिलाईगढ़ की विधायक कविता प्राण लहरे ने कहा कि मिनीमाता जी ने पांच बार ऐतिहासिक जीत दर्ज कर प्रथम महिला सांसद होने का गौरव प्राप्त किया। उपस्थितजनों को राजश्री सद्भावना समिति की अध्यक्ष शकुन डहरिया ने भी संबोधित किया।

## विनेश फोगाट मामले में जांच की मांग
# नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारी में राकांपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरदचंद्र पवार गुट के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी शब्बीर अहमद विद्रोही के रायपुर आगमन पर नर्मदापारा स्थित कार्यालय में उनका भव्य स्वागत ढोल-बाजे और पुष्पवर्षा से किया गया। इसके बाद नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर चर्चा हुई। सभी सदस्यों ने एकमत से पुरुषोत्तम पांडेय को प्रदेश अध्यक्ष बनाने की मांग प्रदेश प्रभारी से की। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति से घोषणा कर, जानकारी सदस्यों को दी जाएगी।

पार्टी कार्यालय में पत्रकारवार्ता के दौरान उक्त जानकारी देते हुए श्री विद्रोही ने कहा कि छत्तीसगढ़ में संगठन विस्तार करने के बाद नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव लड़ेंगे। इसके लिए अभी से जमीन तैयार करने का दौर चल रहा है। एक सवाल के जवाब में मोदी सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि दो उद्योग घरानों के लिए केंद्र सरकार के दो लोग काम कर रहे हैं। अडाणी व अंबानी के लिए नरेंद्र मोदी और अमित शाह की सरकार है। पहले सीना ठोककर बात करते थे, लेकिन अब पसीना पोंछने को मजबूर हैं। वक्फ कानून संशोधन विधेयक को लेकर कहा, अंबानी की आठ सौ करोड़ की संपत्ति, जो वक्फ बोर्ड की जमीन है, उसे बचाने के लिए कानून लाया जा रहा है। विनेश फोगाट की हार को लेकर उन्होंने जांच की मांग करते हुए कहा कि इसमें किसी बड़ी साजिश की बू आ रही है, मामले की जांच होनी चाहिए।

## पेज 09 के शेष ...

### स्टेशन की लिफ्ट में...

स्टेशन पहुंची। जहां एक मैकेनिक लिफ्ट की निगरानी करते नजर आया। लिफ्ट में यात्रियों का भार अधिक होने से दरवाजा लॉक हो जाता है, इसलिए अब यात्रियों को लिफ्ट के नियमों का हवाला देते हुए केवल दिव्यांग, मरीज और वरिष्ठ लोगों को ही लिफ्ट में चढ़ने दिया जा रहा है। इसे लेकर लिफ्ट कर्मी और यात्रियों के बीच हर दो- चार मिनट में विवाद हो रहा है। सामान्य यात्रियों को सीढ़ी से चढ़कर जाने कहा जा रहा है। ज्यादातर यात्रियों ने विरोध किया कि यह नियम केवल एक ही लिफ्ट के लिए क्यों है? बाकी दो लिफ्ट भी जब दिव्यांगों और वरिष्ठजनों के लिए हैं तो वहां कोई लिफ्ट कर्मी क्यों तैनात नहीं है?

### आलू के बाद प्याज...

होने से बीते लंबे समय से प्याज की कीमत प्रदेश में 40 रुपए किलो चल रही थी, लेकिन अचानक महाराष्ट्र से आने वाले प्याज की कीमत जहां बढ़ गई है, वहीं माल भी कम आ रहा है। कारोबारियों के मुताबिक, महाराष्ट्र से कम माल आने का कारण यह है कि महाराष्ट्र से ज्यादा प्याज अब पश्चिम बंगाल जा रहा है। साथ ही प्याज बांग्लादेश भी भेजा जा रहा है, जिसके कारण इसकी कीमत बढ़ गई है।

### फैमिली ट्रिप के बहाने...

तस्करी की सूचना मिलने पर मंदिर हसौद के पास कार रोककर सतीश से पूछताछ की गई तो उसने फैमिली ट्रिप से वापस लौटने की बात कहते हुए पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। कार की तलाशी लेने पर डिक्की के अंदर गांजा मिला। पुलिस के अनुसार, सतीश युवती के साथ मिलकर लंबे अरसे से गांजा तस्करी कर रहा है। दोनों पूर्व में भी गांजा तस्करी कर चुके हैं।

### 15 अगस्त तक केवल...

जैसे इलाके में दर्ज की गई। आज शहर के ऊपर बादल छाए हुए थे, जिसे देखकर इस बात का अंदाजा लगाया जा रहा था कि अच्छी बारिश हो सकती है। सुबह के वक्त रिमझिम फुहारें शुरू हुईं, मगर इसका असर अधिक देर तक नहीं रहा। शाम को भी शहर के अलग-अलग हिस्सों में पानी बरसता रहा।

### शोरूम के ग्राहकों से...

गाड़ियां बीच रोड पर खड़ी कर दीं। पुलिस की समझाइश के बाद लोगों ने बीच सड़क से गाड़ियां हटाईं। साथ ही पुलिस ने शोरूम संचालकों को अपने यहां आने वाले ग्रहकों के लिए पार्किंग व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### ईडी का दावा- अनवर...

आबकारी विभाग में मंत्री की हैसियत रखता था। ईडी द्वारा जारी बयान के मुताबिक, जांच में यह खुलासा हुआ है कि अरुणपति त्रिपाठी ने सरकारी शराब दुकान, जिसे पार्ट-बी कहा जाता है, के माध्यम से बेहिसाब शराब बिक्री की योजना को लागू करने में अहम भूमिका निभाई। उसने ही 15 जिले, जहां अधिक शराब बिक्री होती थी और राजस्व आता था, उन जिलों के आबकारी अधिकारियों के साथ मीटिंग कर अवैध शराब बेचने के निर्देश दिए थे। ईडी के अनुसार, एपी त्रिपाठी ने ही विधु गुप्ता के साथ डुप्लीकेट होलोग्राम की व्यवस्था की थी। **सिंडीकेट ने की 21 सौ करोड़ की अवैध कमाई** : शराब घोटाले की जांच में ईडी ने पाया कि घोटाले की वजह से राजस्व का बड़ा नुकसान हुआ। घोटाले के माध्यम से सिंडिकेट ने 21 सौ करोड़ रुपए से ज्यादा अवैध कमाई की है। शराब घोटाला मामले में ईडी ने घोटाले में शामिल आरोपियों की 18 चल और 161 अचल संपत्तियों को जब्त किया है, जिनकी कीमत करीब 205.49 करोड़ रुपए आंकी गई है।

### मोबाइल गिरने के विवाद...

बात को लेकर प्रीतम ने हरिवंश के साथ विवाद करते हुए अपने पास रखे चाकू से हरिवंश के पेट तथा शरीर के अन्य हिस्सों पर वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। बीच-बचाव करने पर प्रीतम ने रूपेंद्र तथा उसके एक अन्य दोस्त पर चाकू से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया।



# मच्छरों पर काबू पाने निजी एजेंसी दिखाएगी दम, तीन माह के लिए ठेका, आज तय होगी एजेंसी

## 70 वार्डों में मच्छरों का खात्मा करने निजी एजेंसी को पहली बार ठेका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

मच्छरों पर काबू पाने में असफल नगर निगम अब 70 वार्डों के इनका खात्मा करने निजी एजेंसी की मदद लेगा। इसके लिए 3 माह में 1 करोड़ 24 लाख रुपए का बजट रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग ने एजेंसी तय करने हाल ही में ग्लोबल टेंडर किया, जिसमें 5 कंपनियों ने निविदा भरी। 3 कंपनियां पात्रता की शर्तों पर खरी उतर नहीं पाईं। बाकी 2 कंपनियों में दुर्ग की शिवांगी एजेंसी और नागपुर के एएसएन एजेंसी में से कम रेट कोड करने वाली एजेंसी को इस कार्य का ठेका मिलेगा। सोमवार को एजेंसी तय होगी।

शहर में सफाई के बाद अब मच्छर उन्मूलन का काम भी ठेके पर दिया जाएगा। यह काम निगम के बूते का नहीं रहा। हर महीना 15 लाख खर्च करने के बाद भी शहर से मच्छर कम नहीं हुए, न ही धुंआ छोड़ने वाली फॉगिंग मशीन का असर दिखा। ऐसे में नगर निगम का स्वास्थ्य महकमा मच्छरों पर कारगर नियंत्रण के लिए निजी एजेंसी के साथ अनुबंध करेगा, जिसमें चयनित एजेंसी फॉगिंग से लेकर एंटी लार्वा छिड़काव, मैनपॉवर और मशीन लेकर एकीकृत प्लान के तहत काम करेगी, यानी दस जोन के 70 वार्डों में एक साथ मच्छरों पर काबू पाने निजी एजेंसी दम लगाएगी। अनुबंध शुरुआत में 3 माह के लिए होगा। अनुबंधित एजेंसी का काम संतोषजनक पाए जाने पर अनुबंध की अवधि को राज्य शासन से अनुमति लेकर एक माह के लिए और बढ़ाया जा सकता है। कुल मिलाकर परफार्मेंस बेस भुगतान ठेका एजेंसी को किया जाएगा।

- दुर्ग की शिवांगी एजेंसी और नागपुर की एएसएन कंपनी हुई पात्र
- हर महीना 15 लाख खर्च करने के बाद भी शहर से मच्छर कम नहीं हुए



### मुख्यालय में कंट्रोलरूम टोल फ्री नंबर भी

योजना के मुताबिक, शहरभर में मच्छर उन्मूलन के कार्य पर नजर रखने नगर निगम मुख्यालय में कंट्रोलरूम खोला जाएगा। नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही की देखरेख में यह कंट्रोल रूम संचालित होगा। यह प्रतिदिन दोपहर 2 बजे के बाद से कार्यशील रहेगा। आम जनता शहर के विभिन्न इलाकों से टोल फ्री नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकेगी। इसके लिए अलग से टोल फ्री नंबर जल्द जारी किया जाएगा।

### 100 लेबर रखने की शर्त, जेडएचओ करेंगे निगरानी

मच्छर उन्मूलन के मामले में फिसड्डी साबित हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने पहली बार इस कार्य को ठेके पर देने ग्लोबल टेंडर निकाला है, जिसमें शर्त के मुताबिक, अनुबंधित एजेंसी को 100 लेबर रखने की शर्त के साथ इस कार्य में प्रयुक्त मशीन और आवश्यक संसाधन भी खुद के खर्च पर जुटाने होंगे। दस जोन के 70 वार्डों में मच्छर उन्मूलन को लेकर किए जाने वाले कार्य की निगरानी संबंधित जोन के जेडएचओ करेंगे। एजेंसी के कार्य मूल्यांकन करने निगम का स्वास्थ्य महकमा एनएसडीसी सहित अन्य विभागों से तालमेल बनाकर समय-समय पर संबंधित इलाके में जाकर रेंडम सैंपल कलेक्ट कर इसकी जांच करेगा।

## खबर संक्षेप

### स्वामी नरेंद्राचार्य महाराज का प्रवचन 14 को



रायपुर। वीआईपी रोड स्थित निरंजन धर्मशाला में 14 अगस्त को गुरु रामानंदाचार्य स्वामी नरेंद्राचार्य महाराज का एक दिवसीय प्रवचन होगा। साथ ही गुरु दर्शन और समस्या मार्गदर्शन का कार्यक्रम भी होगा। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि जगतगुरु नरेंद्राचार्य भक्त सेवा मंडल द्वारा यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारंभ होकर शाम 5 बजे जारी रहेगा। समस्या मार्गदर्शन पर्ची 14 अगस्त को सुबह 7 बजे से 8 बजे के बीच कार्यक्रम स्थल पर मिलेगी। इसी दौरान हजारों भक्तों की समस्याओं के समाधान के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### फिलिप्स अकादमी में डॉ. महंत, अमेरिका की शिक्षा प्रणाली को समझा



रायपुर। यूएसए के लुईसविले, केंटकी में राज्य विधानमंडलों के राष्ट्रीय सम्मेलन (एनसीएसएल) और राष्ट्रीय विधानमंडल सम्मेलन भारत द्वारा आयोजित विधायी शिखर सम्मेलन में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत भी शामिल हुए। उन्होंने सम्मेलन के सत्र में बोस्टन अमेरिका की विश्व प्रसिद्ध शिक्षण संस्था फिलिप्स अकादमी का अवलोकन किया। संस्था के भ्रमण उपरांत वहां के प्राचार्य एवं संचालकों से मुलाकात कर अमेरिका की शिक्षा प्रणाली पर विस्तृत चर्चा की तथा उन संभावनाओं पर भी चर्चा की, जिससे छत्तीसगढ़ में शिक्षा का स्तर और भी सुधारा जा सके। भ्रमण के दौरान डॉ. महंत के पुत्र सूरज महंत भी साथ रहे।

### बच्चों ने लगाए पौधे हरियाली का संकल्प



रायपुर। सावन माह में अग्रोहा कॉलोनी सेक्टर-1 के बच्चों और कॉलोनीवासियों द्वारा पौधारोपण किया गया। इसी दौरान बच्चों ने खाली गार्डन को हरा-भरा करने का संकल्प लिया। जहां 50 पौधे लगाए गए। इस मौके पर कॉलोनीवासियों ने बताया कि इस गार्डन को नगर निगम व स्मार्ट सिटी द्वारा अनदेखा किया गया, जिसे कॉलोनीवासियों ने मिलकर हरा-भरा करने का संकल्प लिया है। पौधारोपण करने वालों में अमित पांडेय, सुनील जैन, राहुल दिवेदी, सोनल द्विवेदी, सरला जैन, श्वेता, ऋतु पांडेय, माला सोना आदि मौजूद थे।

### जोहार छत्तीसगढ़ कल, देशभक्ति गीत पेश करेंगे कैलाश खेर

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 अगस्त को रायपुर के बूढ़ा तालाब स्थित इंडोर स्टेडियम में जोहार तिरंगा का रंगारंग आयोजन होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मौजूदगी में यह कार्यक्रम संध्या 6 बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर देश के जाने-माने गायक कैलाश खेर एवं साथियों द्वारा संस्कृति एवं देशभक्ति पर आधारित गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी जाएगी। जोहार तिरंगा कार्यक्रम के भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है।

## हाईरिस्क वालों को भीड़भाड़ में मास्क का उपयोग करने की सलाह

# प्रदेश में स्वाइन फ्लू से चौथी मौत, बुखार के साथ सांस फूलने की हो शिकायत तो कराएं जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में स्वाइन फ्लू की दस्तक के बाद उच्च जोखिम की श्रेणी में आने वालों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। बुखार अगर लंबे समय से नहीं छोड़ रहा हो, उसकी वजह से सांस फूलने, चक्कर आने अथवा मानसिक बदलाव के संकेत नजर आते हों तो स्वाइन फ्लू की जांच करानी चाहिए। राज्य में श्वांस संबंधी इस बीमारी की वजह से हाल ही में चार लोगों की मौत हो चुकी है। बिलासपुर में एक ने कल रात ही दम तोड़ा।

- पिछले दो माह से बढ़े मामले, चार मरीजों की अस्पताल में हो चुकी मौत

स्वाइन फ्लू संबंधी संक्रमण इंफ्लुएंजा-ए (एच1एन1) वायरस की वजह से होता है। इसका जोखिम कम प्रतिरोधक क्षमता अथवा अधिक आयु वालों को होता है। इसकी वजह से सर्दी, गले में खराश, बदन दर्द, सांस फूलने जैसी शिकायत होती है, यह समस्या अगर जल्दी ठीक नहीं हो रही है तो संबंधित शख्स को स्वाइन फ्लू की जांच करानी चाहिए। डॉक्टरों के अनुसार, यह संक्रमण बारिश के बाद मौसम में आने वाली ठंडक के दौरान होता है। सही समय पर इसका इलाज नहीं होने से दूसरों में इसका विस्तार होने और कई बार जान जाने का जोखिम भी हो सकता है। राज्य में जनवरी से लेकर अब तक स्वाइन फ्लू के मामले सामने आए हैं, जिनमें से दर्जनभर से ज्यादा केस पिछले दो माह के हैं। स्वाइन फ्लू की वजह से अब तक राज्य में चार लोगों की मौत हो चुकी है, इसलिए इससे बचाव के लिए भीड़भाड़ वाले इलाकों में मास्क का उपयोग करना चाहिए।




### आंकड़े चिंताजनक नहीं

स्वाइन फ्लू के मामले समय-समय पर सामने आते रहते हैं। अभी बारिश की वजह से इसमें थोड़ी तेजी दिख रही है, मगर आंकड़े चिंताजनक नहीं हैं। इस संक्रमण से बचने के लिए लोगों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है, जिसका बेहतर उपाय मास्क का उपयोग है।

- डॉ. डीके तुर्रे, उपसंचालक, स्वास्थ्य विभाग

### मामले आ रहे सामने

स्वाइन फ्लू के मामले सामने आ रहे हैं। आमतौर पर इसका जोखिम अधिक आयु के लोगों अथवा दूसरी बीमारी से पीड़ितों को होता है। स्वाइन फ्लू से मिलते-जुलते लक्षण अगर नजर आएं तो इसकी जांच करानी चाहिए। समय पर दवा लेने से इसके नियंत्रित किया जा सकता है।

- डॉ. आरके पांडा, विशेषज्ञ टीबी एवं चेस्ट रोग आंबेडकर अस्पताल

### उपाय कोरोना की रोकथाम जैसे

स्वाइन फ्लू भी फैलने वाला घातक संक्रमण है। यहां संक्रमित व्यक्ति के नाक, मुंह से निकलकर वायरस वायुमंडल में मौजूद रहते हैं और थोड़ी असावधानी बरतने वाले को अपना शिकार बना लेते हैं। चिकित्सकों के अनुसार इसके बचाव भी कोरोना महामारी के रोकथाम जैसे ही है। सार्वजनिक वस्तुओं को छूने से बचना चाहिए, समय-समय पर हाथ धोने और चेहरे पर हाथ ले जाने से बचना चाहिए। दूसरे के रूमाल अथवा अन्य कपड़ों से परहेज करना आवश्यक है।

### स्वाइन फ्लू के लक्षण

सर्दी, खांसी गले में खराश, सिरदर्द, बदन दर्द, थकावट, जी मिचलना, स्वभाव में चिड़चिड़ाहट आना, कभी-कभी उल्टी अथवा दस्त की शिकायत होना।

### स्वाइन फ्लू से बचाव

अधिक आयु, को-मार्बिडिटी वाले भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें, मास्क का उपयोग, बार-बार हाथ धोते रहें। समस्या दूर नहीं होने पर चिकित्सक के पास जाएं।

## घड़ियाली आंसू बहा रही कांग्रेस

# साय बोले- आदिवासियों का सम्मान करती है भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा, आदिवासियों का सम्मान करने का काम हमेशा से भाजपा ने किया है। कांग्रेस महज राजनीति करने और घड़ियाली आंसू बहाने के अलावा कुछ नहीं करती। भाजपा ने ही एक आदिवासी को इस राज्य का मुख्यमंत्री बनाने का काम किया है। भाजपा ने ही देश के राष्ट्रपति पद पर एक आदिवासी को बिठाया है।



- सीएम साय का कांग्रेस पर तीखा हमला

मुख्यमंत्री श्री साय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कांग्रेस के आरोप पर कहा, आजादी के 75 साल हो गए हैं। हम सब अमृत महोत्सव मना रहे हैं। मैं भी आदिवासी समाज से हूं। आदिवासियों का सम्मान भाजपा ने हमेशा किया है। स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में आदिवासियों के विकास के लिए मंत्रालय का गठन किया गया था। छत्तीसगढ़ में भी आदिवासी 32 प्रतिशत हैं। उनका समुचित विकास और छत्तीसगढ़ का निर्माण भाजपा ने किया है। देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति के पद पर आदिवासी समाज की बहन द्रौपदी मुर्मू हैं। बस्तर विकास प्राधिकरण का गठन भाजपा की सरकार में हुआ है। भाजपा की देन है, जो आज छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री बैठा है। कांग्रेस का काम महज राजनीति करना है। कांग्रेस के घड़ियाली आंसू बहाने से कुछ होने वाला नहीं।

### विश्व हाथी दिवस पर कार्यक्रम आज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 12 अगस्त को शाम 7.30 बजे राजधानी रायपुर में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित विश्व हाथी दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे। हाथियों के संरक्षण एवं संवर्धन पर केंद्रित इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में वनमंत्री केदार कश्यप, सांसद बृजमोहन अग्रवाल और भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के वन महानिदेशक एवं विशेष सचिव जितेंद्र कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# रजिस्ट्रेशन की रकम के लिए बरसों चक्कर अब 188 ग्राहकों को मिले तीन करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल यानी सीजी हाउसिंग बोर्ड से रजिस्ट्रेशन की राशि वापस हासिल करने के लिए बरसों से दफ्तरों से लेकर अदालत तक के चक्कर लगा रहे 188 लोगों को अब जाकर राहत मिली है। दरअसल हाउसिंग बोर्ड के ग्राहकों ने मकान-दुकान खरीदने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया और उसकी राशि भी जमा करा दी थी, लेकिन किसी भी वजह से मकान-दुकान नहीं खरीदा, लेकिन ऐसे ग्राहकों को हाउसिंग बोर्ड रजिस्ट्रेशन की राशि वापस नहीं कर रहा था।

- मंत्री ओपी चौधरी के आदेश पर हुई रकम की वापसी
- मकान-दुकान पंजीयन के बाद नहीं किया था सौदा

### ये है मामला

छत्तीसगढ़ में हाउसिंग बोर्ड द्वारा विभिन्न आवासीय और व्यावसायिक परियोजनाओं के लिए प्रोजेक्ट तैयार किए जाने के बाद इसकी बिक्री के लिए रजिस्ट्रेशन किया जाता है। जो लोग प्रोजेक्ट के तहत मकान-दुकान खरीदना चाहते हैं, उनका रजिस्ट्रेशन किया जाता है। रजिस्ट्रेशन के लिए हाउसिंग बोर्ड द्वारा मकान या दुकान की कीमत की चार प्रतिशत राशि पंजीयन शुल्क के रूप में जमा कराई जाती है। पंजीयन होने के बाद भी ग्राहक किसी भी कारण से खरीदी करने से इनकार कर देता है तो प्रावधान के मुताबिक, उसकी पंजीयन राशि हाउसिंग बोर्ड को ग्राहक को वापस करनी होती है, लेकिन छत्तीसगढ़ में पिछले कई साल से यह राशि ग्राहकों को नहीं दी जा रही थी।

### दफ्तरों से लेकर अदालत तक के चक्कर काटे

हाउसिंग बोर्ड के सूत्रों के अनुसार, राज्य में बड़ी संख्या में हाउसिंग बोर्ड के ग्राहक पंजीयन शुल्क का राशि वापस लेने के लिए संबंधित कार्यालयों से लेकर मुख्यालय के चक्कर काट रहे थे। कुछ ग्राहक ऐसे मामलों को लेकर अदालत भी गए थे। अदालत में जाने के बाद कुछ प्रकरणों में हाउसिंग बोर्ड को पेनाल्टी भी लगी थी। यह पूरा मामला जानकारी जब आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी को मिली तो उन्होंने हाउसिंग बोर्ड के आयुक्त कुंदन कुमार को इन मामलों के निराकरण का आदेश दिया था। आयुक्त ने ऐसे सभी मामलों की सूची बनवाई और अब जाकर ग्राहकों को पंजीयन की राशि वापस मिलनी शुरू हुई है।

### ग्राहकों को वापस मिले 3 करोड़ रुपए : आयुक्त

इस पहल के परिणामस्वरूप लगभग 188 परिवारों को 3.01 करोड़ रुपए मंडल द्वारा वापस किए गए हैं। गृह निर्माण मण्डल के आयुक्त कुंदन कुमार ने बताया कि मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को देर से भुगतान के मुद्दे को हल करना था। विभाग ने त्वरित कार्रवाई की और छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा पात्र हितग्राहियों को उनकी रकम वापस की गई है।

## रविवि में क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू, सांसद ने किया शुभारंभ



रायपुर। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के तहत राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन द्वारा सार्वजनिक पुस्तकालय कर्मियों के लिए 46वां क्षमता निर्माण कार्यक्रम पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में शुरू किया गया। इसका औपचारिक उद्घाटन रविवार को सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने किया। इस मौके पर सांसद श्री अग्रवाल ने कहा, किताबें जीवन का आधार हैं, प्रमाण हैं। उन्होंने नई पीढ़ी से देश के संस्कार, संस्कृति और गौरव को जानने के लिए किताबें पढ़ने का आव्हान किया। इस क्षमता निर्माण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और पश्चिम बंगाल के सार्वजनिक पुस्तकालय पेशेवरों ने भाग लिया। अपनी पुरानी स्मृतियों को याद करते हुए सांसद श्री अग्रवाल ने किताबों की अहमियत और जरूरतों को विस्तार से बताया। प्रारंभिक भाषण में राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन के परियोजना अधिकारी दीपांजन चटर्जी ने बताया कि एनएमएल मॉडल लाइब्रेरी योजना की स्थापना के तहत जिला पुस्तकालय, रायगढ़ को 87 लाख रुपए की राशि मंजूर की गई है। एनएमएल अनुदान के लिए राज्य केंद्रीय पुस्तकालय के लिए 2 करोड़ 23 लाख रुपए और जिला पुस्तकालय के लिए 87 लाख रुपए का प्रावधान है। उन्होंने यह भी बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय की स्थापना राजा राममोहन राय पुस्तकालय फाउंडेशन (आरआरआरएलएफ) की वित्तीय सहायता से की गई थी।

# दैवेभो वनकर्मियों ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारियों ने राजधानी के नवा रायपुर स्थित तूता धरनास्थल पर प्रदर्शन किया। हड़ताली कर्मचारियों ने नियमितीकरण और स्थायीकरण सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर रविवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल के पहले दिन बड़ी संख्या में दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी धरनास्थल पर अपने हक की आवाज बुलंद करने पहुंचे।

वन विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। धरनास्थल पर नारेबाजी और प्रदर्शन कर कर्मचारियों ने शासन का ध्यान अपनी लंबित मांगों के प्रति आकर्षित कराया। हड़ताल में दैनिक वेतनभोगी, वाहन चालक, कार्यालय सहायक, तेंदूपत्ता गोदाम सुरक्षा श्रमिक शामिल रहे। धरनास्थल पर हड़ताली कर्मचारियों ने नारेबाजी, प्रदर्शन कर नियमितीकरण की मांग की। कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने इससे पहले वन मंत्री से मिलकर अपनी समस्या बताई थी, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। धरनास्थल पर पानी की व्यवस्था को लेकर हड़ताली कर्मचारी परेशान रहे। उन्होंने एसपी, तहसीलदार और एसडीएम से भी पेयजल व्यवस्था कराने आग्रह किया।

### कर्मचारियों की ये मांगें

आंदोलन में शामिल दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारियों ने आकस्मिकता कार्यभारित सेवा नियम लागू करने, नियमितीकरण और स्थायीकरण करने की मांग की है। इसके साथ ही वन विभाग में सीधी भर्ती रोक लगाने, कर्मचारियों के लंबित वेतन का तत्काल भुगतान करने की मांग की है।

- जोरा, लभांडी गांव की महिलाएं शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचीं
- कंप्यूटर बार-बार हैंग, काउंटर पर कर्मचारी भी कम

# राशनकार्ड के लिए महिलाओं को करना पड़ा घंटों इंतजार, डाउन सर्वर ने बढ़ाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहीद विद्याचरण शुक्ल वार्ड के रहवासियों के लिए कृषि विश्वविद्यालय के कम्युनिटी हॉल में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया, जिसमें जोरा और लभांडी क्षेत्र की महिलाएं विशेष रूप से राशनकार्ड को लेकर शिविर स्थल पर बड़ी संख्या में पहुंचीं। इस दौरान बार-बार सर्वर डाउन होने और कंप्यूटर हैंग होने से महिलाओं को राशनकार्ड के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा।

कई महिलाओं के लिए नए राशनकार्ड पार्षद कार्यालय से वितरण नहीं हो पाने के कारण भी लोगों को शिविर में भीड़भाड़ की परेशानी सहनी पड़ी। निगम के आला अधिकारी इस बात को लेकर हैरान रहे कि लभांडी वालों को नया राशनकार्ड अब तक कैसे नहीं मिल पाया? नगर निगम जोन-9 क्षेत्रवासियों के लिए फुंडहर के बाद कृषि विश्वविद्यालय के कम्युनिटी हॉल में अतिरिक्त शिविर लगाया गया। शिविर में लभांडी, जोरा, कृषकनगर, सांईनगर, प्रगतिनगर क्षेत्र के रहवासी बड़ी संख्या में पहुंचे। शिविर में नागरिकों ने राशनकार्ड, आय प्रमाणपत्र, आधारकार्ड में नाम सुधार के लिए आवेदन किए। इस दौरान जोरा की महिलाओं को नए राशनकार्ड के लिए परेशान होना पड़ा। कई कार्डधारी ऐसे रहे, जिनके नए राशनकार्ड बनने के बाद भी वार्ड स्तर पर वितरण नहीं हुआ था। उन्हें कार्ड के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। शिविर स्थल पर राशनकार्ड वाले काउंटर के कंप्यूटर बार-बार हैंग होने से लोग परेशान रहे। भुक्तभोगी महिलाओं ने जब इसका कारण पूछा तो उन्हें जवाब मिला कि सर्वर डाउन चल रहा है, इसलिए वहीं बैठकर इंतजार करना होगा। इसके चलते महिलाओं को घंटों इंतजार के बाद राशनकार्ड मिल पाया। सूत्रों के मुताबिक, खाद्य विभाग के स्टाल पर कर्मचारियों की कमी से भी काम प्रभावित रहा। जनसमस्या निवारण शिविर में जोन कमिश्नर संतोष पांडे, कार्यपालन अभियंता केके शर्मा, जोन सहायक राजस्व अधिकारी विजय शर्मा, जोन के अधिकारी व वार्डवासी उपस्थित रहे।



### आवेदनों का मौके पर ही निराकरण

सामाजिक कार्यकर्ता और सांईनगर आवासीय समिति के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि जिला प्रशासन के मुखिया को बाकायदा विश्वास में लेकर शिविर से संबंधित सक्षम अधिकारियों को पूरे प्रोटोकॉल के साथ कलेक्टर से प्रभावी पत्राचार करना था, क्योंकि राशनकार्ड से सबंधित जिला खाद्य अधिकारी और खाद्य विभाग के कर्मचारियों की कमी शिविर के दौरान देखी गई। शिविर में नागरिकों से 268 आवेदन प्राप्त हुए, इनमें से 178 आवेदनों का शिविर स्थल पर निराकरण किया गया। शिविर में 78 नागरिकों ने आय प्रमाणपत्र बनवाए। 31 नागरिकों ने अपने आधारकार्ड में तत्काल सुधार कराया।



हरिभूमि
रायपुर, सोमवार 12 अगस्त 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



## चतुर्थ श्रावण सोमवार



## शुक्ल और ब्रह्म मुहूर्त में चतुर्थ सोमवार अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:59 मिनट से

*रायपुर। भगवान शिव को समर्पित पावन सोमवार माह के तीन सोमवार बीत चुके हैं। 12 अगस्त को चौथा सोमवार है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार आने वाले चौथे सोमवार को भी कई शुभ संयोगों का निर्माण हो रहा है, जिससे इस दिन व्रत-पूजन करने से साधकों को शिवजी की विशेष कृपा प्राप्त होगी। इससे साधकों को जीवन में आर्थिक परेशानियों से निजात मिलेगी और ज्ञान प्राप्ति भी होगी। सावन का चौथा सोमवार व्रत शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि पर 12 अगस्त को किया जाएगा। पंचांग के अनुसार, इस दिन ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4 बजकर 23 मिनट से लेकर 5 बजकर 6 मिनट तक रहेगा। वहीं, अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 59 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 52 मिनट तक रहेगा। इस दिन शुक्ल योग और ब्रह्म योग का निर्माण हो रहा है।*

### धन और समृद्धि की प्राप्ति

इन शुभ योगों में पूजा करना साधकों के लिए विशेष फलदायक रहेगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, शुक्ल योग में भगवान के पूजन से जातक को विशेष लाभ मिलते हैं। इससे जातक को धन और समृद्धि की प्राप्ति होती है। वहीं, ब्रह्म योग में शिवजी की आराधना करने से इस दिन जातक को ज्ञान की प्राप्ति होगी। जातक मनोकामना पूर्ति के लिए और शिवकृपा के लिए इस खास दिन भगवान का रुद्राभिषेक भी कर सकते हैं। इससे विशेष लाभ मिलेगा।

### राहुकाल में कालसर्प दोष पूजन

राहुकाल के समय में कालसर्प दोष की पूजा विशेष रूप से कराई जाती है। चौथे सावन सोमवार को राहुकाल प्रातः 7:28 गजे से 9:07 बजे तक है। चौथे सावन सोमवार पर स्वाति नक्षत्र सुबह 8:33 बजे तक है। इसके बाद विशाखा नक्षत्र प्रारंभ हो जाएगा।



### हटकेश्वरनाथ में मध्यरात्रि पूजन

महादेव घाट स्थित हटकेश्वरनाथ मंदिर में नियम के अनुसार रविवार मध्यरात्रि 12 बजे के बाद सोमवार श्रृंगार प्रारंभ हुआ। भस्म आरती के पश्चात यहां भी भक्तगण जलाभिषेक कर सकेंगे। शहर के मुख्य शिव मंदिरों के साथ ही अन्य मंदिरों में भी तैयारियों को अंतिम रूप रविवार को ही दे दिया गया। सावन में एक सप्ताह ही शेष है। ऐसे में मंदिरों में कांवड़ियों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसे देखते हुए उनके रुकने की भी व्यवस्था मंदिर प्रबंधन द्वारा की गई है। बस स्टैंड स्थित नरहरेश्वर महादेव मंदिर में आज सहस्त्रधारा पूजन के साथ महाभंडारा भी रखा गया है।

### महाकाल की तर्ज पर सजेगी बूढ़ेश्वर बाबा की पालकी



शहर के प्राचीनत्तम बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में सावन के चौथे सोमवार को कल उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर निकलने वाली सवारी की तरह ही पालकी सजाई जायेगी। शिवजी की प्रतिकात्मक प्रतिमा भी विराजित की जाएगी, लेकिन सवारी का भ्रमण नहीं होगा। इसे मंदिर परिसर में ही स्थापित किया जाएगा। अभिषेक श्रृंगार के बाद श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ शिवजी के पट खोल दिए जाएंगे। मंदिर ट्रस्ट कमेटी की ओर से जानकारी देते हुए चंद्रप्रकाश व्यास ने बताया कि जैसे कि मान्यता है उज्जैन में महाकाल अपनी प्रजा का हालचाल जानने सावन के महीने में सोमवार को शहर भ्रमण के लिए निकलते हैं। उनके लिए पालकी (डोली) की विशेष सजावट की जाती है। भक्तों को पूरे साल इसका इंतजार रहता है। बूढ़ेश्वर बाबा की सवारी भी वैसे ही सजाई जा रही है।



इस सोमवार श्रद्धालुजन उसी स्वरूप में शिवजी के दर्शन करेंगे। रंग-बिरंगी फूलों, वंदनवार, तोरण व चमकीली लड़ियों के साथ ध्वजा से पालकी सजेगी। सुरक्षागत कारण से भ्रमण नहीं कराएंगे, लेकिन मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों को वहीं स्वरूप दिखेगा और वे दर्शन-पूजन कर पुण्यलाभ अर्जित कर सकते हैं। सुबह की भस्म आरती, संध्या आरती व नियमित पूजन यथावत रहेंगे। आखिरी सावन सोमवार रक्षाबंधन के दिन होगा। इस दिन भी शिवजी का विशेष श्रावणी श्रृंगार किया जाएगा। भक्तों की भारी भीड़ सावन सोमवार के दिन बूढ़ेश्वर मंदिर में जुट रही है।

### सरोना शिव मंदिर में आज नजर आएगा भव्य स्वरूप

सरोना के शिव मंदिर में सावन के चौथे सोमवार को भक्तों को शिवजी का भव्य स्वरूप देखने का मिलेगा। यहां सावन के अंतिम दो सोमवार को विशेष श्रृंगार और पूजन का रिवाज है। प्रथम तीन सोमवार को यहां पुष्प और चंदन से श्रृंगार किया गया था। आज यहां आभूषणों से विशेष श्रृंगार किया जाएगा। अन्य सोमवार की भांति चतुर्थ सोमवार को भी ब्रह्म मुहूर्त में आरती के बाद भक्तों के लिए पट खोल दिए जाएंगे।

**सावन में पौराणिक मान्यता के तहत शिव भक्तों द्वारा कांवड़ यात्रा निकालने की परंपरा रविवार को भी निभाई गई। बूढ़ेश्वर चौक से शिव-पार्वती के वेश में भक्त मृगछाला पहने, भष्म लपेटे, डमरू बजाते, मूंडो की माला धारण किए भक्त निकले। माता पार्वती का रूप भी कई भक्तों ने धरा। आकर्षक नृत्य पेश करते हुए काफिला आगे बढ़ा। शिव के दूत बने भक्तों ने भगवा ध्वज के साथ भव्य कांवड़ यात्रा निकाली। हर्षित विहार कॉलोनी, रमण मंदिर वार्ड, शंकर नगर सहित शहर के कई स्थानों से कावंड़ यात्रा निकली, जो महादेवघाट पहुंची।**

# शिव-पार्वती के वेश में नृत्य की मनमोहक झलक बाबा के दूत बने भक्तों ने निकाली कांवड़ यात्रा

**रायपुर।** लगातार दूसरे साल भी सर्व हिंदू समाज ने कांवड़ यात्रा परंपरागत तरीके से निकाली। शहर के बूढ़ेश्वर चौक स्थित बूढ़ेश्वर महादेव कुंड से कलश में जल लेकर सैकड़ों की तादाद में हर जाति-धर्म के लोग इस समरसता कांवड़ यात्रा को सार्थक करने के लिए सुबह 10 बजे से ही बूढ़ेश्वर चौक पर जुटने लगे थे। यहां सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव, महंत रामसुन्दर दास, शिवरूपा नंद महाराज मंचस्थ थे।

### हर समाज ने निभाई सहभागिता

वेदप्रकाश महाराज ने कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले भक्तों को पूजा-अर्चना करने का अवसर दिया। इस कांवड़ यात्रा में पार्षद श्रीमति मिनल चौबे, मृत्यंजय दुबे, मनोज वर्मा के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता प्रफुल्ल अग्रवाल, डॉ. सुरेन्द्र शुक्ला ने कांवड़ यात्रा में शामिल भक्तों को सहयोग दिया। इस कांवड़ यात्रा की विशेषता यह रही कि सभी समाज के हर वर्ग के लोग शामिल हुए। संत रविदास समाज, घसिया समाज, गाडा समाज, सतनामी समाज के प्रतिनिधियों ने कावड़ यात्रा को मिलकर सफल बनाया।



समरसता कांवड़ यात्रा

### बिरगांव से भी निकली कांवड़ यात्रा

बिरगांव के हर्षित विहार कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर से भी भक्तों का जत्था कांवड़ यात्रा का हिस्सा बना। लोगों की भीड़ को देखते हुए खमतराई पुलिस ने बल भी तैनात किया था। इसमें हर जाति व धर्म के लोग इस कांवड़ यात्रा में शामिल थे। मंदिर समिति के लोगों द्वारा बनाई गई व्यवस्था के तहत रास्ते में भक्तों की सुविधा के लिए प्रसादी एवं पेयजल का भी इंतजाम किया गया। इसमें मुख्य मार्ग के पास दुकान चलाने वालों ने भी सहयोग दिया। शंकर नगर स्थित श्री सुरेश्वर महादेव पीठ से भी महादेव घाट तक कांवड़ यात्रा निकाली गई।

### भक्तों का जगह-जगह स्वागत

*बैंडबाजे व धुमाल के साथ भोलेनाथ के धार्मिक प्रसंगों से सजे भजनों पर शिव-पार्वती के वेश में भक्त झूमते हुए भाईचारे की भावना से कांवड़ यात्रा में आगे बढ़ते रहे। वे बूढ़ेश्वर चौक, पुरानी बस्ती थाना, लीली चौक, सोनकर पारा, लाखेनगर चौक से होते हुए सुंदर नगर मुख्य मार्ग से रायपुरा चौक पहुंचे। संचालक दद्दू देवांगन, रतिकांत साहू व मयंक गोस्वामी ने बताया कि इस यात्रा को सफल बनाने के लिए समाज के लोगों को जिम्मेदारी दी थी। कांवड़ यात्रा का समापन हटकेश्वर नाथ महादेव मंदिर में जलाभिषेक संग हुआ। यात्रा में शामिल सैकड़ों भक्तों के लिए महादेव घाट में ही महाप्रसाद की व्यवस्था की गई।*

### रास्तेभर गूंजा भोले का जयघोष

*रविवार को कामकाजी लोगों ने मिलकर छोटे-छोटे समूह में भोलेनाथ के दरबार में जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ यात्रा निकाली। अधिकतर कांवड़िए लाखेनगर से होकर ही महादेव घाट के लिए आगे बढ़े। इससे सुंदर नगर से रायपुरा के बीच कई जगह ट्रैफिक पुलिस को भी व्यवस्था बनाने के लिए ट्रैफिक को रोकने के बाद कांवड़ियों को रास्ता देने के लिए कड़ी मशक्कत करने पड़ी। रास्तेभर भोलेनाथ का जयघोष गूंजने से आस्था का माहौल रहा। यह सिलसिला देर शाम तक चला।*



शहर भर में सावन उत्सव, महिला संगठनों ने अपने अंदाज में किए आयोजन

# बागों में फिर झूले पड़ गए... सखियों संग हुआ मेल तो लौटा बचपन, हरित श्रृंगार में गाए गीत




**रायपुर।** सावन उत्सव में महिलाएं जब अपनी बचपन की सखियों से मिली तो उनका बचपन लौट गया। श्रावण मास के प्रारंभ होते ही शहर में सावनोत्सव का सिलसिला प्रारंभ हो गया था। लेकिन अंतिम सप्ताह और वीकेंड होने के कारण रविवार को अधिक धूम रही। शहर की कई महिला संगठनों ने अपने स्तर पर सावन उत्सव का आयोजन किया।

### 'रेट्रो थीम' पर श्रृंगार

अग्रवाल सभा द्वारा रविवार को 'अग्र सावन उत्सव' का आयोजन किया गया। जहां शहर स्थित 19 स्थानों से अग्रवाल समाज के सदस्य शामिल हुए। इसमें आकर्षण का केंद्र 'रेट्रो थीम' रहा। पुराने बॉलीवुड फिल्म के अभिनेता व अभिनेत्री के किरदारों में समाज के सौ से अधिक सदस्य शामिल हुए। अग्रवाल महिला मंडल की महामंत्री ममता अग्रवाल ने बताया, प्रत्येक वर्ष नए थीम के साथ सावन उत्सव रखा जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के सदस्यों के साथ समय व्यतित करना होता है। आयोजन में मुख्य अतिथि के रुप में सांसद बृजमोहन अग्रवाल व आईएसपी चंचल तिवारी शामिल रहे।



### परोसे गए राजस्थान के लोकप्रिय व्यंजन

जिंदगी एक सफर है सुहाना.., प्यार हुआ इकरार हुआ.., मेरे हाथों में नौ-नौ चूड़ियां हैं.., हरे रामा हरे कृष्णा... जैसे अनेक सुपरहिट फिल्मी गानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इसमें माधुरी दीक्षित, जूही चावला, रेखा, भाग्यश्री, तब्बू जैसे अनेक किरदारों का रूप धरकर महिलाएं नजर आई। सावन उत्सव में राजस्थान के लोकप्रिय व्यंजन मुख्य रुप से परोसे गए। सेल्फी जोन को भी रेट्रो थीम पर सजाया गया, जिसमें 80-90 दशक के थीम पर साज-सज्जा की गई। सावन के अवसर विभिन्न डिजाइन के साथ झूले को भी सजाया गया। कार्यक्रम में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, महामंत्री मनमोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रेम अग्रवाल, संगठन मंत्री योगी अग्रवाल, मिहला मंडल की अध्यक्ष माया मुरारका, युवा मंडल के अध्यक्ष राम अग्रवाल व युवती मंडल की महामंत्री स्वाति तायल मुख्य रुप से उपस्थित रहीं।

### मम्मियों संग बच्चे भी पहुंचे हरित परिधान में

पुलिस परिसर आमा सिवनी में सावन माह के अवसर पर ग्रीन डे मनाया गया। यहां सभी महिलाएं हरे रंग के वस्त्रों में पहुंची रहीं। कई महिलाएं अपने बच्चों संग पहुंची। खास बात यह रही कि आयोजन में पहुंचे बच्चे भी हरे रंग के परिधान में रहे। माताओं को खेलते हुए देख बच्चे भी उत्साहित नजर आए।





### फूलों और गुब्बारों से सजे झूले

हर्षित विहार दलदल सिवनी में भी सावन उत्सव मनाया गया। यहां महिलाओं ने उत्सव के लिए उद्यानों का चयन किया ताकि प्राकृतिक वातावरण में उत्सव मनाया जा रहे। गार्डन में झूले भी सजाए गए। इन्हें फूलों और गुब्बारों की मदद से सजाया गया। यहां भी महिलाओं के लिए ग्रीन ड्रेस कोड रखा गया था, जिसका पालन सभी महिलाओं ने किया।

### म्यूजिकल चेयर, बॉल इन द बास्केट में याद आए पुराने दिन



*महिलाओं ने खेलों के जरिए अपने बचपन को याद किया। मौका था जानकी नगर स्थित बोरियाखुर्द में रखे गए सावन उत्सव का। यहां महिलाओं के समूह द्वारा सावन उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाएं हरे परिधान में नजर आईं। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में म्यूजिकल चेयर, बॉल इन द बास्केट, रैंप वॉक सहित बालपन के खेल खेले गए। अध्यक्ष अनोखी निषाद ने बताया, विगत तीन वर्षों से सावन उत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न थीम के साथ आयोजन का संचालन किया जाता है, जहां यूनिक गेम्स महिलाओं के लिए रखे जाते हैं। इस वर्ष ग्रीन डे की थीम पर सावन उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें सोसायटी की सभी महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष संध्या श्रीवास्तव, कोषा अध्यक्ष मालती चौधरी, सचिव सुप्रिया नायक, सरोज चन्द्राकर, ललिता नायक, आशा हंसदा, रौहणी मुख्य रुप से उपस्थित रहीं। सुबह से आयोजित कार्यक्रम में सेल्फी जोन भी तैयार किया गया। इसके साथ ही गेम्स के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया गया।*

## सिटी लाइव

# कंपनी सेक्रेटरी का एरिया सेंटर राजधानी में, मिलेंगी सुविधाएं




**रायपुर।** इंस्टिट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरी ऑफ इंडिया के रायपुर चैप्टर द्वारा रविवार को वीआईपी रोड स्थित एक निजी होटल में राज्यस्तरीय कान्फ्रेंस रखी गई। इसमें राज्य के मेंबर्स एवं स्टूडेंट्स को नई जानकारियों से जोड़ने के लिए पहल की गई। इससे जुड़ी नई बातों को साझा करते हुए इंस्टिट्यूट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.नरसिम्हन एवं उपाध्यक्ष धनंजय शुक्ला ने बताया कि आयोजन के जरिए रायपुर चैप्टर के 26 साल के सफर को याद किया जा रहा है। कमल विहार में इंस्टिट्यूट का एरिया सेंटर बनाया जाएगा। इसको डेढ़ साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। एरिया सेंटर बनने से मेंबर्स और स्टूडेंट्स को भी इस नई सुविधा का फायदा मिलेगा। इस लिहाज से सेंटर बना रहे हैं।

### बेहतरी के लिए बनाएंगे योजनाएं

वहीं आशीष करोड़िया, पवन चांडक ने बताया कि कंपनी सेक्रेटरी के कोर्स से हर वर्ग के शिक्षित लोग जुड़ रहे हैं। इस कोर्स में कॅरियर के लिहाज से अपार संभावनाएं हैं। इस बीच रायपुर चैप्टर की चेयरपर्सन सीएस तनवीर कौर टूटेजा ने बताया कि मेंबर्स व स्टूडेंट्स के लिए आयोजित कान्फ्रेंस में कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा के साथ ही निर्णय लेते हुए इंस्टिट्यूट की बेहतरी के लिए आगे किस तरह से काम करना है, इन तमाम बिन्दुओं पर मंथन होगा। इनसाइडर ट्रेडिंग विषय पर भी बेंगलुरू से आए एक्सपर्ट द्वारा नई जानकारियां साझा की जाएंगी।

## इस्कॉन में वृंदावन की तर्ज पर जन्माष्टमी, खाटू श्याम में मथुरा और द्वारका से आएंगे भगवान के वस्त्र

# कारावास की झांकी, मुंबई की तर्ज पर 30 फीट ऊंची दही हांडी

राजधानी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व 26 अगस्त को मनाया जाएगा। इसे लेकर शहर के प्राचीन मंदिरों में तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस बार भी मैदानों में मुंबई की तर्ज पर दही हांडी प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहेंगी, जिसमें विभिन्न राज्यों के साथ प्रदेश के विभिन्न जिलों की टोलियां भी हिस्सा लेने पहुंचेंगी। पर्व के नजदीक आते ही कलेक्ट्रेट में समितियों की अर्जी पहुंचने लगी है।



**रायपुर।** शहर के गुढ़ियारी और रावणभाठा मैदान में हांडी को 30 फीट की ऊंचाई तक रखने क्रेन की मदद ली जाएगी। इसके अलावा समता कॉलोनी स्थिति खाटू श्याम, श्री राधाकृष्ण मंदिर और टाटीबंध स्थित इस्कॉन मंदिर में तीन दिनों का जन्माष्टमी महोत्सव मनाने की तैयारी है। यहां मुंबई और कोलकाता के कलाकार प्रस्तुति देंगे। जन्माष्टमी में भगवान का श्रृंगार करने मथुरा और द्वारका से कपड़े मंगवाए गए हैं। कोतवाली थाने में बाल गोपाल की किलकारियां इस बार भी सुनाई देंगी। सदर बाजार के गोपाल मंदिर में मध्यरात्रि जन्मोत्सव मनाया जाएगा। कई मंदिरों में समिति सदस्य बैठक लेकर रूपरेखा तैयार करने में लगे हुए हैं।

### गुढ़ियारी और सप्रे मैदान में भी दही हांडी की लूट

गुढ़ियारी क्षेत्र में भी इस बार जन्माष्टमी बड़े स्तर पर लोगों को दही हांडी लूट की स्पर्धा देखने को मिलेगी। आयोजन समिति तैयारी में जुट चुकी है। मुंबई की तर्ज पर इस बार भी लोगों को दही हांडी स्पर्धा देखने को मिलेगी। इसके अलावा सप्रे मैदान और लालपुर के साथ डब्ल्यूआरएस मैदान में भी बड़े स्तर पर आयोजन होगा।



### कोतवाली थाने में मनेगा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

सदर बाजार स्थित मंदिर में पौराणिक कथा अनुसार भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव सिटी कोतवाली के कारागार में मनेगा। पुलिस जवान कारागार के द्वारपाल बनेंगे। कोतवाली में श्रीकृष्ण की जन्मकथा का जीवंत रूप देखने को मिलेगा। भक्ति भजन और जयघोष लगाते हुए बाल गोपाल सदर बाजार के गोपाल मंदिर पहुंचेंगे। इसके बाद मंदिर में जन्मोत्सव शुरू होगा। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### दही हांडी फोड़ने युवतियां दिखाएंगी दम-खम

यादव समाज इस बार रावणभाठा मैदान में 30 फीट ऊंची दही हांडी प्रतियोगिता करने की तैयारी में है। ढोल-नगाड़े के बीच मुंबई की तर्ज पर स्पर्धा होगी। हांडी को 30 फीट की ऊंचाई पर रखने क्रेन की मदद ली जाएगी। समिति ने बताया, आयोजन को लेकर कलेक्टर से अनुमति के बाद तैयारी शुरू होगी। स्पर्धा में हिस्सा लेने दूसरे राज्य के लोग भी संपर्क कर रहे हैं। खास बात यह भी है कि स्पर्धा में पुरुष और महिलाएं दोनों वर्ग भाग ले सकते हैं। जन्माष्टमी पर इस बार करतब और मलखंब भी आकर्षण का केंद्र होगा।

### वैदिक मंत्रोच्चार संग 251 लीटर दूध से अभिषेक

जवाहर नगर स्थित राधाकृष्ण मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हर वर्ष के तरह महाप्रभु श्री जुगल-जोड़ी सरकार का अभिषेक 251 लीटर दूध से अभिषेक किया जाएगा। सुबह श्री हरि नाम संकीर्तन होगा। मंदिर में कारावास के सात दरवाजों की झांकी बनाई जाएगी। 12 बजते ही संगीत के माध्यम से बिजली के कड़कने और जन्म के बाद कान्हा के रोने की आवाज गूंजने सुनाई देगी। मध्यरात्रि भगवान को मोरपंख, फल व फूलों से सजाया जाएगा। 56 भोग लगाने के बाद महाआरती होगी।



### भक्तों के लिए बनेंगे 20 हजार मालपुए

पुरानी बस्ती स्थित जैतू साव मठ में चांदी का झूला सजाया जाएगा। रात आठ बजे 8 आरती के बाद भजन कार्यक्रम शुरू होगा, जो 11 बजे तक जारी रहेगा। इसके बाद भगवान का अभिषेक कर नए वस्त्र पहनाए जाएंगे। 12 बजते ही मंदिर में जन्मोत्सव शुरू होगा। ट्रस्टी ने बताया, जन्माष्टमी पर 20 हजार मालपुआ भक्तों के लिए तैयार किया जाएगा। मध्यरात्रि प्रसाद के रूप में भक्तों को वितरण होगा। मंदिर की फूलों से सजावट की जाएगी।

### बाल महोत्सव फैंसी ड्रेस स्पर्धा और भक्ति नृत्य

इस्कॉन मंदिर में इस बार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर तीन दिनों का महोत्सव मनाया जाएगा। मीडिया प्रभारी आयुष मुरारका ने बताया कि समिति का गठन हो चुका है। जन्माष्टमी में तीन दिन तक श्रीकृष्ण के जुड़े विभिन्न अनुष्ठानों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमें प्रस्तुति देने दूसरे राज्यों से कलाकारों को बुलाया गया है। भगवान के लिए मथुरा से विशेष पोशाक मंगाई गई है। मध्यरात्रि जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 25 अगस्त को शाम 4 बजे बाल महोत्सव फैंसी ड्रेस प्रतियागिता और भक्ति नृत्य का आयोजन किया गया है। 26 अगस्त को महामहोत्सव होगा। सुबह 4:30 को मंगल आरती से लेकर रात 1 बजे महाआरती तक अनुष्ठान चलेंगे। 27 अगस्त को श्रील प्रभुपाद व्यास पूजा महा महोत्सव होगा।

### खाटू श्याम मंदिर में तीन दिनी महोत्सव

खाटू श्याम मंदिर समिति के अनुसार, अंतिम रूपरेखा शीघ्र बनाई जाएगी। तीन दिनों का श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जा सकता है। इसमें मुंबई से कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुति के अलावा मध्यरात्रि को जगराता और जन्मोत्सव में प्रस्तुति देंगे। हर साल की तरह भव्य स्तर पर आयोजन करने की तैयारी है। वर्तमान में भगवान खाटू श्याम का प्रतिदिन मनमोहक श्रृंगार किया जा रहा है। जन्माष्टमी मंदिर में पूजा विधिवत होगी। पहले की तरह भक्त भी अनुष्ठान में शामिल हो सकेंगे।

## धर्म लाइव

# महारास के पंच गीत ही भागवत के प्राण, इससे भव सागर पार



**रायपुर।** शहर के पुरानीबस्ती स्थित महामाया मंदिर के सत्संग भवन में जारी श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह के चलते उत्सव का माहौल रहा। श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन कथावाचक आचार्य दिवाकर शास्त्री ने रास पंच अध्याय का वर्णन करते हुए बताया कि महारास के पंच गीत ही भागवत के प्राण निहित हैं। भागवत की महत्ता को जानने से पहले हमें महारास के पंच गीतों के भाव को समझना होगा। इसके लिए महारास के पांच अध्याय को समझना होगा, इसलिए उनमें गाए जाने वाले पंच गीत को भागवत का पंच प्राण कहा गया है। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव सागर पार हो जाता है।

### संगीतमय कथा प्रसंग

वृंदावन की भक्ति को कैसे प्राप्त किया जा सकता है, इसके बारे में आचार्य ने कथा प्रसंग में जिक्र किया। कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उधव गोपी संवाद, उधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारिका की स्थापना और रुक्मणी विवाह के प्रसंग को संगीतमय कथा के जरिए बताया। महारास के दौरान भक्त भगवान के साथ झूमते नजर आए। इस दौरान मां महामाया युवा समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।



# अध्यात्म और संयम के छोटे-छोटे प्रयोग करें युवा दंपति, संकीर्णता का भाव त्यागें

**रायपुर।** 'तुम्हारे लिए' कार्यशाला का आयोजन मुनि सुधाकर एवं मुनि नरेश कुमार के पावन सान्निध्य में तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, द्वारा जय पटवा भवन, टैगोर नगर में किया गया। 'तुम्हारे लिए' दंपत्ति कार्यशाला में मुनि श्री सुधाकर ने विशाल जन समूह को संबोधित करते हुए कहा स्वस्थ परिवार ही स्वस्थ समाज एवं राष्ट्र का आधार है। उसके लिए पति-पत्नी के रिश्ते में आपसी पवित्रता एवं सुदृढ़ता जरूरी है। दांपत्य जीवन में टकराव के मुख्य पांच कारण हैं-असंयम, आवेश, अभिमान, असंतुलन एवं अविवेक। रिश्तों को मधुर बनाने के लिए संकीर्णता की भावना को त्याग कर विवेक चेतना को जागृत रखना चाहिए। उन्होंने युवा दंपतियों को अध्यात्म और संयम के छोटे-छोटे प्रयोग करने की प्रेरणा दी। उन्होंने आगे कहा कि आज बिखरते परिवार और रिश्तों से सामाजिक एवं मानवीय मूल्यों का हनन हो रहा है। रिश्तों की डोर को सुदृढ़ बनाने के लिए हर दंपत्ति को एक-दूसरे का पूरक बनना चाहिए। दांपत्य जीवन को सुखमय बनाने कई बातें मुनिश्री ने साझा की। सैकड़ों दंपति पटवा भवन में पहुंचे रहे।

**रिश्तों की सुदृढ़ता के लिए पवित्रता जरूरी**

### मंगलाचरण गीतिका की सुंदर प्रस्तुति

उन्होंने सप्तवचन : अन्न, बल, धन, दुख, परिवार, मित्रता एवं एकांतचर्या की आध्यात्मिक युगानुरूप व्याख्या की। मुनिश्री नरेश कुमार ने सुंदर गीतिका गायन किया। इस अवसर पर अनीता नाहर, पायल नाहर, जय जैन, धृति दुग्गड, कमल ललवानी, प्रकाशचंद बाफना, राखी गोलछा ने बड़ी तपस्या का प्रत्याखान किया। तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम के अध्यक्ष तरुण नाहर ने श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए प्रोग्राम की रूपरेखा के बारे में अधिक जानकारी दी। तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम की टीम ने सुंदर मंगलाचरण गीतिका की प्रस्तुति दी। संचालन अरुण सिपानी ने किया।

## लैंडस्केप रंगोली में दिखे प्राकृतिक नजारे

# रंगोली में अधिक रंग जरूरी नहीं इन्हें आपस में मिलाकर बनाएं नए शेड



**रायपुर।** पांच तरह के रंगों का इस्तेमाल करके प्रतिभागियों ने लैंडस्केप रंगोली तैयार की। इन पांच रंगों का आपस में मिश्रण तैयार करके अन्य रंग भी तैयार किए गए। इनका भी प्रयोग रंगोली बनाने में हुआ। इससे जुड़े टिप्स भी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को मिले। साहू समाज के युवा प्रकोष्ठ, विनायकम वेलफेयर सोसाइटी व छपाक कला केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रंगोली वर्कशॉप का रविवार को समापन हुआ। नालंदा परिसर में रखे गए इस प्रशिक्षण के समापन में मुख्य अतिथि के रुप में कसडोल विधायक संदीप साहू व प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू मुख्य रुप से उपस्थित रहे।



प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरण भी किया गया। प्रतिभागियों द्वारा बनाई गई रंगोली आकर्षण का केंद्र रही, जिसने अतिथियों का ध्यान आकर्षित किया। रंगोली वर्कशॉप में 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें स्कूल व कॉलेज स्टूडेंट्स वर्किंग वीमंस व बुजुर्ग महिलाएं भी शामिल रहीं। कार्यशाला में रिया प्रधान, लता साहू, रोशनी अग्रवाल व कृष्णकांत साहू प्रतिभागियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

### पहली बार हाथों में रखी रंगोली

वर्कशॉप में 60 वर्षीय मीरा कपूतकर भी शामिल हुईं, जिन्होंने आकर्षक रंगोली तैयार की। रंगोली कलाकार प्रमोद साहू ने बताया, किसी भी व्यक्ति को कुछ नया सीखने के लिए किसी निश्चित समय या आयु की आवश्यकता नहीं होती। जो व्यक्ति जिस उम्र में नया सीखने की चाह रखता है, वह अपने लक्ष्य प्राप्ति के नजदीक जाता है। वर्कशॉप में महिलाओं की भागीदारी अधिक रही। इसमें कुछ ऐसे भी प्रतिभागी शामिल हुए, जिन्होंने पहली बार रंगोली अपने हाथों में रखी। इन तीन दिनों में रंगोली बनाने के बेसिक टिप्स पर जोर दिया गया, जिससे प्रतिभागी किसी भी प्रकार की रंगोली बनाने के लिए तैयार रहें।



## समाज इवेंट

# दशकों पुराने गाने गाकर बनाई फायनल में जगह, नए गीत भी



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल द्वारा आयोजित नगर स्तरीय अंताक्षरी प्रतियोगिता का फायनल रविवार को हुआ। यहां देर रात तक स्पर्धा चलती रही। अंताक्षरी प्रतियोगिता में पांच टीमें झंकार बीट्स, गीत गाता चल, खेल-खेल में, मल्हार और सप्तसुर ग्रुप फाइनल में पहुंची। इन पांचों टीमों ने अपने-अपने राउंड में चार-चार टीमों को शिकस्त देकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। नगर स्तरीय अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन महाराष्ट्र मंडल की खेल समिति की ओर से किया जा रहा है। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में यह नगर स्तरीय अंताक्षरी प्रतियोगिता रखी गई।

### अंताक्षरी संग गायन स्पर्धा

दो दिवसीय अंताक्षरी प्रतियोगिता के दूसरे दिन गायन स्पर्धा भी साथ-साथ चलती रही। अंताक्षरी के एक-एक राउंड के बाद एकल गायन के प्रतिभागियों ने कोराओके में फिल्मी गानों की लयबद्ध प्रस्तुति दी। जिन्हें निर्णायक के तौर पर विनोद शेष, दीपक व्यास और शशि खेरय्या ने जज किया। एकल गायन के पांचवें राउंड के बाद प्रतिभागियों ने सुमधुर प्रस्तुति दी। इस दौरान महाराष्ट्र मंडल का हाल दर्शकों से भरा रहा। बताते चलें कि अंताक्षरी स्पर्धा के विजेता, उपविजेता एवं तीसरा स्थान हासिल करने वाली टीमों को चांदी के सिक्कों के अलावा स्मृति चिन्ह, नगद राशि, प्रमाण पत्र और मेडल दिए जाएंगे।वहीं एकल गायन प्रतियोगिता के विजेताओं को स्वर्ण पदक से पुरस्कृत किया जाएगा।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले साहू समाज के 300 से अधिक सदस्यों का सम्मान

# छोटे स्तर पर बड़े कार्य कर रहे लोगों का चयन इन्हें प्रेरित करने साहू समाज का अनोखा प्रयोग

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा 'छग प्रदेश अधिकारी कर्मचारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। शहर स्थित पं. दीन दयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सुबह 12 से देर शाम तक कार्यक्रम का संचालन किया गया, जहां समाज के 400 से अधिक सदस्य मौजूद रहे। यहां मुख्य अतिथि के रुप में उप मुख्यमंत्री अरुण साव उपस्थित रहे। इसके साथ ही विधायक मोतीलाल साहू, इंद्र कुमार साव, ईश्वर साहू, संदीप साहू व प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल सिंह साहू विशिष्ट अथिति के रुप में शामिल हुए। प्रदेश साहू संघ से कर्मचारी प्रकोष्ठ के सदस्य देवेन्द्र साहू ने बताया, समाज द्वारा पहली बार इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के सदस्यों को प्रेरित करना है। इसके साथ ही छोटे स्तर पर काम कर रहे योग्य व्यक्तियों को समाज के लोगों से परिचित कराना है। समाज के शांतनु साहू, लखन लाल साहू, सत्यप्रकाश साहू, आलोक साहू, नारायण साहू, कमलेश साहू, डॉ.ललित साहू, भपेश साहू, कृष्ण कुमार साहू, नर्मदा साहू, रोहित साहू व अन्य सदस्य शामिल रहे।



### देवी कर्मा की महाआरती

प्रदेश के अनेक शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से सदस्य शामिल हुए। साहू समाज के महिला प्रकोष्ठ द्वारा लगभग 100 की संख्या में आरती की थाल सजाई गई, जिसके पश्चात उपस्थित सभी सदस्यों के साथ भव्य महाआरती की गई। इसमें लोकगायिका आरु साहू, करुणा साहू व पायल साहू द्वारा आरती गायन किया गया।

### वर्णमाला का वितरण

धमतरी जिला के निवासी तूमन चन्द्रा साहू व रंजिता साहू को भी सम्मान स्वरुप आमंत्रित किया गया। यह दोनों पति-पत्नी हैं, जिन्होंने हिन्दी व अंग्रेजी भाषा में वर्णमाला तैयार किया। इस वर्णमाला में बच्चों के मौलिक गुण व सामाजिक स्तर पर विकास के संबंधित शब्दों का चयन चयन किया गया है। जो स्कूली बच्चों के मानसिक विकास के लिए फायदेमंद साबित होगा। इसे पति-पत्नी ने ही तैयार किया, जिसमें प्रभावशाली शब्दों का चयन किया गया।



### प्रचलित लोकगीतों की प्रस्तुति

राजनांदगांव के कलाकारों द्वारा आकर्षक लोकगीत व नृत्य की प्रस्तुति की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत माता कर्मा के गीत के साथ हुई। कर्मा नाम झूमे.., मांदर बजा देबे ना.., तोर कारण बइहा बनेव.., मे तोर चंदा ते मोर चकोर... जैसे लोकगीत की प्रस्तुति की गई। इसके साथ ही कलाकारों ताल से ताल मिलाकर नृत्य करते भी नजर आए।

## सिटी स्पोर्ट्स

### क्रिकेटरों को दी डोपिंग नियमों की जानकारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सी.एस.सी.एस.) ने विभिन्न श्रेणियों के पुरुष तथा महिला खिलाड़ियों एवं सहायक स्टॉफ के लिए एंटी डोपिंग संबंधी नियमों की जानकारी देने सेमीनार आयोजित किया। सेमिनार मे नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) की ओर से डॉ. नेहा सिंह उपस्थित रहीं, जिन्होंने सभी खिलाड़ियों को 'नाडा' के एंटी करप्शन नियमों की व्यापक जानकारी प्रदान की। डॉ. नेहा ने सभी खिलाडियों एवं संबंधित सहायक स्टॉफ को डोपिंग से बचने हेतु आवश्यक उपाय एवं सावधानियों से अवगत कराया, साथ ही ऐसे माध्यम उपलब्ध कराये जहां से खिलाड़ी प्रतिबंधित दवाईयों तथा खाद्य पदार्थों की पुरी जानकारी प्राप्त कर सकते है। सेमीनार में पुरुष तथा महिला वर्ग के विभिन्न श्रेणियों के खिलाड़ियों तथा सहायक स्टॉफ सहित लगभग 160 प्रतिभागी सम्मिलित हुये ।

### दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे के विनोद बने शतरंज के चतुरंग



**रायपुर।** दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रथम अंतर संस्थागत चेस प्रतियोगिता ₹शतरंज के चतुरंग₹ में दूसरे दिन टीम इवेंट एवं इंडिविजुअल इवेंट के बाकी बचे राउंड खेले गए। व्यक्तिगत इवेंट में प्रथम स्थान दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे के विनोद शर्मा ने हासिल किया उन्हें पहले ₹शतरंज का चतुरंग₹ के खिताब से नवाजा गया वहीं द्वितीय स्थान पर ऑडिट ऑफिस के योगेश पाण्डे रहे तीसरे स्थान पर दीपक राजपूत भारतीय महालेखाकार (ऑडिट) ऑफिस के खिलाड़ी ने अपना स्थान सुनिश्चित किया। टीम इवेंट में ऑडिट ऑफिस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसमें योगेश पाण्डेय ने नेतृत्व किया। वहीं दूसरे स्थान पर लक्ष्मी नारायण के नेतृत्व में डब्ल्यूआरएस की टीम रही। तृतीय स्थान पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रही टीम के सदस्य विनोद कुमार शर्मा रवि कुमार पाठक हरिवंश अग्रवाल के मनोज कुमार थे। प्रतियोगिता के समापन समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप में मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार उपस्थिति रहे ।उन्होंने प्रतियोगिता में आये सभी केन्द्रीय विभागों को प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और साथ ही इस प्रकार के बड़े आयोजन करते रहने की घोषणा की ! वहीं मंडल के वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी राहुल गर्ग ने आगामी प्रतियोगिताओं को और भी बडा करने का आश्वासन दिया। विजेताओं को ट्रॉफी,सर्टिफिकेट एंड नकद पुरस्कार दिए गए! मंडल क्रीड़ा सचिव दीपक प्रधान ने मंडल रेल प्रबंधक, सीनियर स्पोर्ट ऑफिसर , प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों , स्पॉन्सर अल्ट्राटेक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया , एसबीआई एवं सभी विभागों को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया। यह दो दिवसीय अंतर संस्थागत चेस प्रतियोगिता केन्द्र सरकार के 80 कार्यालयों के लिए आयोजित की गई थी, जो कि छत्तीसगढ़ मे अपनी तरह का पहला आयोजन था।

### शिवांगनी और अभय ने राष्ट्रीय तैराकी स्पर्धा में किया शानदार प्रदर्शन




**रायपुर।** भुवनेश्वर में आयोजित 50 वी जूनियर राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता के ग्रुप 1 में अभय प्रकाश साहू ने 200 मीटर बटरफ्लाई में फाइनल क्वालीफाई किया व 6 वें स्थान पर रहे एवं ग्रुप 2 में शिवांगनी पांडे 50 मीटर बटरफ्लाई में फाइनल क्वालीफाई करते हुए चौथे स्थान पर रही। बिलासपुर कॉरपोरेशन तैराकी संघ के सचिव हेमंत सिंह परिहार ने बताया कि दोनों खिलाड़ी छत्तीसगढ़ तैराकी दल में शामिल है और दोनों खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बद्री प्रसाद गुर्जर, सतीश सिंह ठाकुर, हेमंत सिंह परिहार, संतोष पाल, मनोज कश्यप, विनय सिंह, दिनेश सिंह, बी एस यादव, टी रमेश बाबू आदि ने बधाई दी है।

### राज्य स्तरीय सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप आज से जांजगीर में

**रायपुर।** जिला बैडमिंटन संघ जांजगीर चांपा के द्वारा 12 से 16 अगस्त तक राज्य स्तरीय सीनियर चैंपियनशिप का आयोजन टीसीएल इंडोर स्टेडियम जांजगीर में किया गया है।टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ राज्य के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अपनी सहभागिता देंगे। स्पर्धा में पुरुष एकल, डबल्स, महिला एकल, डबल्स और मिक्स डबल्स सहित कुल पांच इवेंट रखे गए हैं।

दुनियाभर में 5 करोड़ से अधिक को मस्तिष्क की खास बीमारी, अभी तक नहीं कोई खास इलाज


# उम्र के साथ बढ़ने लगती है याददाश्त की दिक्कतें समय पर ध्यान नहीं देने से हो जाएगा नुकसान

मस्तिष्क और तंत्रिका से संबंधित समस्याएं वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती हुई रिपोर्ट की जा रही हैं। अल्जाइमर-डिमेंशिया जैसी बीमारियां बड़ी संख्या में लोगों को परेशान कर रही हैं। अल्जाइमर रोग के कारण याददाश्त की समस्या होने, बातचीत करने में परेशानी होने लगती है। समय पर अगर इसपर ध्यान न दिया जाए तो गंभीर स्थितियों में ये डिमेंशिया का कारण बन सकती है।

मनोभ्रंश (डिमेंशिया) के कारण स्मृति, भाषा, समस्याओं का समाधान करने और सोचने की क्षमता कम होने जैसी दिक्कतें होने लगती हैं। एक आंकडे. के अनुसार वैश्विक स्तर पर 55 मिलियन (5.5 करोड़) से अधिक लोग डिमेंशिया के शिकार हो सकते हैं।

उम्र बढ़ने के साथ इस तरह की दिक्कतों का होना सामान्य है, विशेषतौर पर 60 साल की आयु के बाद इसका खतरा और भी बढ़ जाता है।

अध्ययनकर्ताओं ने बताया हमारी दिनचर्या की कई गड़बड़ आदतें इस बीमारी के लिए जिम्मेदार हो सकती हैं, जिसके बारे में सभी लोगों को जानना और बचाव के लिए कम उम्र से ही प्रयास करते रहना आवश्यक है।



### इन जोखिम कारकों पर भी दें ध्यान

नवीनतम अपडेट में डिमेंशिया के लिए दो और जोखिम कारकों को जोड़ा गया हैं- दृष्टि हानि और उच्च कोलेस्ट्रॉल। अध्ययन में कहा गया है, इन 14 जोखिम कारकों में अगर सुधार के प्रयास कर लिए जाएं तो दुनियाभर में लगभग आधे डिमेंशिया के मामलों को रोका जा सकता है। चूंकि मस्तिष्क की इस बीमारी का अभी तक कोई विशिष्ट उपचार नहीं है इसलिए कम उम्र से ही बचाव के तरीकों को प्रयोग में लाते रहना बहुत जरूरी है।

### अल्जाइमर और डिमेंशिया का खतरा

अल्जाइमर और डिमेंशिया के बढ़ते जोखिमों को लेकर हाल में किए गए अध्ययनों में पाया गया है कि 55 की उम्र में भी कई लोगों में मस्तिष्क की ये समस्या देखा जा रही है। डिमेंशिया के 40 प्रतिशत मामलों के लिए 12 जोखिम कारकों को प्रमुख माना गया है। इन कारकों में निम्न स्तर की शिक्षा, सुनने की समस्या, हाई ब्लड प्रेशर, धूम्रपान, मोटापा, अवसाद, शारीरिक निष्क्रियता, मधुमेह, अत्यधिक शराब पीना, मस्तिष्क की गंभीर चोट, वायु प्रदूषण और सोशल आइसोलेशन प्रमुख पाए गए हैं। ऐसी समस्या से परेशान लोगों को मस्तिष्क की इस बीमारी को लेकर और भी अलर्ट रहने की आवश्यकता है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

लंदन की क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी की न्यूरोलॉजिस्ट चार्ल्स मार्शल कहती हैं, यह स्पष्ट नहीं है कि हम इनमें से किसी भी जोखिम कारक को पूरी तरह से खत्म कर पाएंगे या नहीं। धूम्रपान और उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) को कम करने के लिए वैश्विक स्तर पर पहले से कई अभियान चलाए जा रहे हैं, हालांकि ये अभियान से ज्यादा स्वजागरूकता का विषय है। एडिनबर्ग यूनिवर्सिटी की न्यूरोसाइंटिस्ट तारा स्पायर्स-जोन्स कहती है कि यह महत्वपूर्ण है कि हम डिमेंशिया से पीड़ित लोगों को उनके मस्तिष्क रोग के लिए दोषी न ठहराएं। ये समस्या किसी की भी हो सकती है, जिसके पीछे कई तरह के कारक जिम्मेदार माने जाते हैं।

### उपचार के तरीकों का परीक्षण

डिमेंशिया के लिए अभी तक कोई विशिष्ट इलाज या प्रभावी दवा नहीं मिल पाई है। लेकिन पिछले साल की शुरुआत से संयुक्त राज्य अमेरिका में अल्जाइमर के दो उपचारों को मंजूरी दी गई है-बायोजेन का लेकेनेमैब और एली लिली का डोनानेमैब। ये दवाएं दो प्रोटीन (टाऊ और एमिलॉयड बीटा) के निर्माण को लक्षित करती हैं, जिन्हें बीमारी के बढ़ने के मुख्य कारणों में से एक माना जाता है। हालांकि ये कितनी प्रभावी हैं इसे जानने के लिए अभी भी शोध जारी है।
स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि वयस्कावस्था से ही इस समस्या को नियंत्रित करने के उपाय कर लिए जाएं तो बुढ़ापे में होने वाली इस बीमारी से बचाव किया जा सकता है।





# कुर्सी पर बैठकर करें योगासन शरीर दर्द और मोटापा होगा कम

रोजाना दफ्तर में घंटों डेस्क पर एक ही मुद्रा में बैठकर काम करने वाले लोगों को कई तरह की समस्या हो सकती हैं। अधिकतर दफ्तर का कार्य लगभग 9 से 10 घंटे का होता है, जिसके कारण कर्मचारी के मन और शरीर दोनों पर ही प्रभाव पड़ सकता है। दिनभर बैठे बैठे काम करने से सिरदर्द, थकान और स्ट्रेस की समस्या होना सामान्य है। वहीं कई लोगों को कमर और पीठ में दर्द की शिकायत होने लगती है। इसके अलावा चर्बी भी बढ़ने लगती है। बिना शारीरिक सक्रियता के कुर्सी पर बैठकर काम करने से मोटापा बढ़ता है और पेट निकलने लगता है। हालांकि विशेषज्ञ लगातार बैठे बैठे दफ्तर का काम करने के कारण होने वाली समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए योग के अभ्यास की सलाह देते हैं। योग शारीरिक और मानसिक तौर पर फिट रखता है। व्यस्त जीवनशैली में अगर आपके पास योगाभ्यास समय नहीं रहता तो दफ्तर में ही कुछ योगासनों का अभ्यास किया जा सकता है। ऑफिस में कुर्सी पर बैठे बैठे योगासनों का अभ्यास कर सकते हैं। आइए जानते हैं दफ्तर में आसानी से कुर्सी पर बैठकर किए जाने वाले योगाभ्यास।

### दफ्तर में करें स्ट्रेचिंग



ऑफिस में बैठकर आप आसानी से स्ट्रेचिंग करके दिनभर की थकान और शरीर में होने वाले दर्द से राहत पा सकते हैं। स्ट्रेचिंग ब्लड सर्कुलेशन को ठीक करता है और मांसपेशियों में हो रहे दर्द से छुटकारा मिलता है। स्ट्रेचिंग से शरीर में कोलेस्ट्रॉल को कम करने में फायदा मिलता है।

### स्ट्रेचिंग करने का तरीका

दफ्तर में बैठकर स्ट्रेचिंग करने के लिए सबसे पहले अपनी बाहों को ऊपर उठाएं और दोनों हाथों को सिर के ऊपर लाएं। अब दोनों हाथों को सिर के ऊपर क्रॉस करके शरीर को कमर के ऊपर की ओर खींचे और हाथों पर जोर दें। सांस को अंदर खींचते हुए हाथों और शरीर के ऊपर भाग को स्ट्रेच करें। तीन से चार बार इस प्रक्रिया को दोहराएं।

### चेयर पोज

तनाव, सिरदर्द, कमर दर्द और बदन दर्द से छुटकारा पाने के लिए दफ्तर में चेयर पोज का अभ्यास कर सकते हैं। इसके अभ्यास से कमर, रीढ़ की हड्डियों और पैरों को मजबूती मिलती है। छाती, पीठ के निचले हिस्से को फायदा मिलता है। इस आसन को मार्जरी-बितिलासन भी कहते हैं।

### चेयर पोज करने का तरीका

इस आसन को करने के लिए चेयर पर बैठकर रीढ़ की हड्डी को सीधा करें और दोनों दोनों पैरों को फर्श पर रखें। दोनों हथेलियों को पैरों के घुटनों पर रखकर लंबी सांस को भीतर की ओर खींचते हुए सीने को बाहर की ओर निकालें। कंधे को पीछे की ओर ले जाएं और धीरे धीरे सांस छोड़ें। रीढ़ की हड्डी को पीठ की तरह ले जाकर मोड़ें। इस आसन को कम से कम पांच बार दोहराएं।

# सावन पर ऐसे तैयार करें फलाहारी आलू का पराठा

ज्यादातर लोग श्रावण मास में सोमवार के व्रत में फलाहारी खाने का सेवन करते हैं। ऐसे में आपको फलाहारी पकवानों के जानना चाहिए। अगर आप सावन के सोमवार के तीसरे दिन व्रत में कुछ अलग बनाने का सोच रही हैं तो फलाहारी आलू का पराठा एक बेहतर विकल्प है।

फलाहारी आलू का पराठा बनाने के लिए आपको सबसे पहले साबूदाना को अच्छी तरह से धोकर 5- 6 घंटे के लिए पानी में भिगोकर रखना है। जब ये फूल कर नर्म हो जाए तो इसे पानी से निकालकर सुखा लें। इसका सारा पानी निकालकर साबूदाना में उबले हुए आलू डालें और इसे अच्छी तरह से मैश करें। आलू और साबूदाना का डो तैयार करने के लिए इसमें थोड़ा सा कुट्टु का आटा डाल सकते हैं। इससे इसे बेलने में आसानी रहेगी। अब इसे सही से मिक्स करने के बाद इसमें कटी हुई हरी मिर्च, अदरक, हरा धनिया, सेंधा नमक और काली मिर्च पाउडर डालें। इन सभी सामग्री को अच्छी तरह मिलाएं। अब आपका ये डो या पराठे का आटा बनकर तैयार है। आखिर में इसकी छोटी-छोटी लोई बनाएं और फिर इसे बेलन की सहायता से गोल-गोल बेल लें।

अगर ये बेलने पर चिपक रहा है तो आप इस पर थोड़ा सा कुट्टू का आटा छिड़क लें। अब पराठे को तवे पर रखें और दोनों तरफ से सुनहरा और कुरकुरा होने तक सेक लें। इसे आप सिर्फ फलाहारी चटनी और दही के साथ भी परोस सकते हैं।


# फेंग शुई का उपयोग करके आप कर सकते हैं वजन कम



फेंगशुई से अधिक धन और प्यार प्राप्त किया जा सकता है, साथ ही वजन भी कम किया जा सकता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका शरीर अब किस आकार या साइज़ का है, यह अब बिल्कुल सही है क्योंकि यह भी स्वस्थ रहना चाहता है।

### रसोई पर ध्यान दें

सबसे पहली चीज जिस पर आपको ध्यान देना चाहिए वह है किचन। अपनी रसोई को सुसज्जित करें और अपनी रसोई से सभी अनावश्यक वस्तुओं को हटा दें। रसोईघर में केवल आवश्यक वस्तुएं ही होनी चाहिए। उन क्षेत्रों में दीवारों को अच्छी तरह से पेंट करें जहां आप भोजन करते हैं, जैसे कि रसोई या भोजन कक्ष। लाल और चमकीले रंग भूख बढ़ाते हैं। प्लेट और मेज़पोश का रंग भी वजन को प्रभावित करता है। नीला और हरा शांत रंग हैं जो संतुष्टि और विश्राम की भावनाएँ पैदा करते हैं। लाल, नारंगी, पीला, बैंगनी और गुलाबी रंग आपके मस्तिष्क को स्फूर्तिवान बनाते हैं और आपको और अधिक चाहने के लिए प्रेरित करते हैं।



















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ग्रैमी नामांकित रैपर ट्रैविस स्कॉट को मिली रिहाई, पेरिस में हुई थी गिरफ्तारी



ग्रैमी पुरस्कार नामांकित रैपर और गायक ट्रैविस स्कॉट शुक्रवार को एक दफा फिर मुसीबत में फंसे। पेरिस के लक्जरी जॉर्जेस वी होटल में एक सुरक्षाकर्मी के साथ नोकझोंक के कारण रैपर को गिरफ्तार किया गया। हालांकि, अब उन्हें रिहाई मिल चुकी है। इस बात की जानकारी फ्रांसीसी अभियोक्ता कार्यालय की ओर से दी गई है। फ्रांसीसी अभियोजकों ने कहा कि ट्रैविस स्कॉट को बिना किसी आरोप के फ्रांसीसी पुलिस हिरासत से रिहा कर दिया गया। पेरिस अभियोजक के कार्यालय की तरफ से जारी किए गए बयान में कहा गया, 'ट्रैविस स्कॉट के लिए पुलिस हिरासत आदेश हटा दिया गया है और उनके खिलाफ सभी कार्यवाही समाप्त कर दी गई है क्योंकि घटना छोटी थी।'

पेरिस अभियोजक के कार्यालय के एक बयान के अनुसार, ट्रेविस स्कॉट को शुक्रवार तड़के को जॉर्जेस वी होटल से गिरफ्तार किया गया था। होटल में रैपर और एक सुरक्षा गार्ड के बीच झगड़े को रोकने के लिए पुलिस बुलाई गई थी, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। घटना से जुड़े सूत्रों ने बताया कि रैपर बहुत ज्यादा नशे में थे और जोश-जोश में उन्होंने श्वास परीक्षण कराने से इनकार कर दिया। रैपर ओलंपिक के लिए पेरिस में थे। उन्होंने गुरुवार रात को पुरुषों के बास्केटबॉल सेमीफाइनल में सर्बिया पर संयुक्त राज्य अमेरिका की रैली देखी। जानकारी हो कि ट्रैविस स्कॉट का असली नाम जैक्स बर्मन वेबस्टर II है। स्कॉट हिप हॉप के सबसे बड़े सितारों में से एक। उनके 100 से अधिक गानों ने बिलबोर्ड हॉट 100 में जगह बनाई। ट्रैविस स्कॉट को 'सिको मोड', 'हाईएस्ट इन द रूम' और 'फ्रैंचाइज' गाने के लिए जाना जाता है।

### टॉलीवुड


## 'मिस्टर बच्चन' के निर्माता ने कहा दर्शकों को मिलेगा भरपूर मनोरंजन



साउथ के जाने-माने अभिनेता रवि तेजा की आगामी फिल्म मिस्टर बच्चन इन दिनों काफी चर्चा में हैं। ये इस साल की सबसे बड़ी तेलुगु फिल्मों में से एक हैं, जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इस बीच इस फिल्म के निर्माता टीजी विश्वप्रसाद ने फिल्म को लेकर एक बड़ी बात कही है। टीजी विश्वप्रसाद साउथ के प्रमुख निर्माताओं में से एक हैं। इस वक्त वह एक दर्जन से अधिक बड़े बजट वाले प्रोजेक्ट्स से जुड़े हुए हैं, जो रिलीज के लिए तैयार हैं। इस मशहूर निर्माता की आगामी फिल्म मिस्टर बच्चन, 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म का प्रीमियर तेलुगु के दो राज्यों और विदेशों में किया जाएगा। इस बीच मीडिया से बात करते हुए टीजी विश्वप्रसाद ने इस फिल्म की रवि तेजा की पिछली फिल्म 'धमाका' से तुलना करते हुए इसे धमाका प्लस बताया है। मशहूर निर्माता ने कहा कि मिस्टर बच्चन धमाका प्लस की तरह है, जिसमें मनोरंजन, मास और एक्शन जैसे सभी कमर्शियल तत्वों का बेहतरीन मिश्रण है। इस दौरान उन्होंने खुलासा किया कि उनकी प्रोडक्शन कंपनी पीपल मीडिया फैक्ट्री अभिनेता रवि तेजा के साथ फिल्में बनाती रहेगी। गौरतलब है कि फैंस रवि तेजा को मास महाराजा की उपाधि देते हैं, जिसका साफ मतलब है कि उनकी फिल्मों को मास ऑडियंस द्वारा खूब पसंद किया जाता है। टीजी विश्वप्रसाद की रवि तेजा अभिनीत मिस्टर बच्चन और पुरी जगन्नाथ की राम पोथिनेनी अभिनीत डबल आईस्मार्ट के बीच बॉक्स ऑफिस पर टकराव देखने को मिलने वाला है।


### भोजपुरी

## मोनालिसा से नहीं हुआ 'तौबा तौबा' पर डांस, मगर 'स्त्री 2' में अपनी अदाओं से कर दिया घायल



भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालीसा ने इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने रियलिटी शोज भी किए हैं और सोशल मीडिया पर भी खासा एक्टिव रहती हैं। वह ट्रेंडिंग गानों पर भी रील्स बनाती हैं। पति विक्रांत के साथ लंबे-लंबे सफर पर भी जाती हैं। उन्होंने 'स्त्री 2' और 'गुड न्यूज' के गानों पर परफॉर्म किया है, जिसको देखने के बाद कुछ उनकी तारीफ कर रहे हैं और कुछ कह रहे हैं कि 'रहने दो तुमसे न हो पाएगा।' मोनालीसा का असली नाम अंतरा बिस्वास है। वह एक बंगाली हिंदू फैमिली से ताल्लुक रखती हैं। उनका जन्म 21 नवंबर 1982 को हुआ था। इन्होंने साउथ कोलकाता के स्कूल से पढ़ाई की है। कोलकाता यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया है। संस्कृत में BA किया है। इसके बाद इन्होंने मॉडलिंग शुरू की और टीवी की दुनिया में काम किया। इसके अलावा उडिया वीडियो एल्बम्स में भी फीचर हुईं। मोनालीसा ने 'बिग बॉस 10' भी किया है। इसमें इन्होंने विक्रांत से शादी की थी। वह एक कमाल की अदाकारा तो हैं हीं। शानदार डांस भी करती हैं। इंस्टाग्राम पर उन्होंने विक्की कौशल के हुक स्टेप फॉलो करने का प्रयास किया और वह असफल रहीं। मोनालीसा ने 'तौबा तौबा' पर रील बनाई और वह नहीं कर सकीं। कैप्शन में लिखा, 'बहुत कठिन है दोस्तों।

## चक्करघिन्नी सा फैशन




21वीं सदी की शुरुआत से कैटवॉक का पारंपरिक फ़ॉर्मूला बहुत ज़्यादा नहीं बदला है, जिसमें रनवे पर कपड़ों को खास रोशनी से रोशन किया जाता है और एक निश्चित क्रम होता है जिसमें हर मॉडल रनवे पर चलता है। एसे में अब मॉडल अगर रनवे पर झूला झूलें तो अजीब सा लग सकता है लेकिन पेरिस फैशन वीक नए-नए प्रयोग के लिए जाना जाता है। यहां इस तरह झूलते हुए मॉडल को देखना दर्शकों के लिए अनूठा अनुभव था। सभी ने इस प्रयोग का दिल खोलकर स्वागत किया।

## चेहरे पर बढ़ते मुंहासों से हैं परेशान तो इस्तेमाल करें ये तेल

गर्मी के मौसम में लोगों के साथ कई तरह की परेशानियां सामने आने लगती हैं। इस मौसम में धूप से तो लोग परेशान रहते ही हैं, बल्कि इसके साथ ही तेज लपट और धूल भरी आंधी लोगों को घरों में रहने को मजबूर करती है। इस तेज धूल-धूप में कोई अपने घर से बाहर निकलता है, तो उसकी त्वचा पर कई तरह परेशानियां बढ़ने लगती हैं। अगर इस मौसम में त्वचा का ध्यान न रखा जाए तो चेहरे पर पिंपल्स यानी कि मुंहासे होने लगते हैं। इनका सही समय पर इलाज करना काफी जरूरी हो जाता है। सही इलाज न मिलने पर ये बढ़ते जाते हैं और फिर जाते वक्त त्वचा पर अपने निशान छोड़ जाते हैं।

ऐसे में अगर आप भी अपने चेहरे के पिंपल्स से परेशान हैं, तो एक ऐसे जादुई तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं, जो मुंहासों के लिए रामबाण है। हम बात कर रहे हैं नीम के तेल की, जो मुंहासों की समस्या को दूर करने में काफी लाभदायक है।



### क्या है इसके इस्तेमाल का तरीका

अगर आप अपनी त्वचा पर नीम का तेल इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो सबसे पहले चेहरे को सही से धो लें। इसके बाद एक कटोरी में दो चम्मच नीम का तेल निकाल लें। अब एक कॉटन बॉल लेकर उसे नीम के तेल में डुबोएं। इस कॉटन बॉल को अब मुंहासों से प्रभावित त्वचा पर लगाएं। रात भर इसे ऐसे ही रहने दें और फिर सुबह उठकर चेहरे को गर्म पानी से धो लें। इसके इस्तेमाल से पिंपल बिना दाग दिए गायब हो जाएंगे।

### मिला सकते हैं विटामिन ई कैप्सूल

आप चाहें तो नीम के तेल को चेहरे की मालिश के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आप मालिश के लिए इसका इस्तेमाल करने का सोच रहे हैं, तो नीम के तेल में विटामिन ई कैप्सूल तोड़कर डालें। इसे आप नहाने से आधा घंटे पहले चेहरे पर लगा सकते हैं। इससे भी आपके चेहरे को काफी लाभ मिलेगा।

### नीम का तेल इस्तेमाल करने के लाभ

अगर आप नीम का तेल घर पर तैयार करेंगे, तो ये त्वचा के लिए ज्यादा फायदेमंद रहेगा। दरअसल, नीम के तेल में फैटी एसिड, एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल और एंटीऑक्सीडेंट गुण के अलावा विटामिन ई भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में बहुत से लोग बिना किसी संशय के आज भी इसका इस्तेमाल करते हैं।

## अनारकली से लेकर अंगरखा डिजाइन में मिल जाएंगे कलीदार सलवार-सूट डिजाइंस




सलवार-सूट को स्टाइलिश लुक देने के लिए लेटेस्ट फैशन के हिसाब से डिजाइन और पैटर्न को चुनना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आप सेलेब्रिटी लुक को री-क्रिएट करें।

सलवार-सूट पहनना हम सभी को पसंद होता है। इसके लिए हम आए दिन नए से नए फैशन फैशन लुक को ट्राई करना पसंद करते हैं। आजकल कम्फ़र्टेबल रहने के लिए हम पार्टी वियर के लिए भी सूट पहनना पसंद करते हैं।

फैंसी में कलीदार सलवार-सूट को पहनना काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। तो आइये देखते हैं कलीदार डिजाइन के स्टाइलिश सलवार-सूट के लेटेस्ट डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन सलवार-सूट को स्टाइल करने के आसान टिप्स-



### अंगरखा स्टाइल कलीदार सूट

डोरी डिजाइन वाले सूट पहनना पसंद करती हैं तो इस तरह के स्टाइलिश अंगरखा नेकलाइन कलीदार सूट आपके लुक को फैंसी बनाने का काम कर सकते हैं। इसमें आपको कई तरह के कलर कॉम्बिनेशन देखने को मिल जाएंगे। प्लेन सूट के साथ में हैवी दुपट्टे को स्टाइल करें। लेस वर्क इसमें सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है।

### शॉर्ट स्टाइल कलीदार सूट

अगर आप लॉन्ग या फ्लोर लेंथ सूट नहीं पहनना चाहती हैं तो इस तरह के शॉर्ट कलीदार कुर्ती में आपको अंगरखा, प्लेन, पेप्लम जैसे कई डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। इसके साथ आप शरारा को स्टाइल कर सकते हैं। देखने में इस तरह का लुक बेस्ट नजर आएगा। आप चाहे तो स्कर्ट के साथ भी सूट लुक को स्टाइल कर सकती हैं।

### अनारकली स्टाइल कलीदार सूट

फ्लोर लेंथ और फैंसी डिजाइनर सूट पहनना चाहती हैं तो इस तरह अनारकली स्टाइल प्लेन सूट को पहन सकती हैं। देखने में इस तरह का सूट लुक क्लासी और एलिगेंट नजर आएगा। इस तरह का सूट आप फैब्रिक खरीदकर खुद कस्टमाइज भी करवा सकती हैं। हैवी वर्क वाले दुपट्टे को प्लेन लॉन्ग सूट के साथ में स्टाइल करें।

## शैंपू से धोने के बाद भी बालों से आती है बदबू तो करें इन चीजों का इस्तेमाल

बारिश का मौसम वैसे तो काफी खुशनुमा होता है लेकिन ये अपने साथ तमाम तरह की परेशानियां लेकर आता है। इस मौसम में त्वचा संबंधी कई परेशानियां दिखाई देने लगती हैं। त्वचा पर मुंहासे तो जैसे बेहद ही आम बात है। त्वचा के साथ-साथ इस मौसम में बालों से जुड़ी समस्याओं से भी लोग काफी परेशान रहते हैं। इस मौसम में बाल तो इतने झड़ते हैं कि आपको इनकी सही से देखभाल तक करनी पड़ी सकती है।

इसके अलावा एक ऐसी समस्या भी है, जिसकी वजह से आप शर्मिंदगी का शिकार भी हो सकते हैं। ये है बालों से बदबू आने की समस्या। कई बार ऐसा होता है कि हम शैंपू से बाल धो तो लेते हैं लेकिन उसके बाद भी लगातार इनके बदबू आती ही रहती है। ऐसे में आपको बालों पर ध्यान देने की जरूरत है। कुछ घरेलू चीजों का इस्तेमाल करके आप इस परेशानी से राहत पा सकते हैं।

**नींबू का रसः** अगर शैंपू से धोने के बावजूद आपके बालों में बदबू आती रहती है तो इस समस्या को दूर अवश्य करें। इसका पहला तरीका है कि आप 2-3 नींबू के रस को



एक मग पानी में मिलाएं और बाल धोने के बाद इस मिश्रण से बालों को धो लें। नींबू में एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं जो बालों की बदबू को दूर करने में मदद करते हैं।

**टी ट्री ऑयलः** अगर आपके पास टी ट्री ऑयल मौजूद है तो अपने शैंपू में तो से तीन बूदों को मिलाएं। अब इस शैंपू से बालों को धो लें। टी ट्री ऑयल में एंटीसेप्टिक गुण होते हैं, जो सिर की त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। इसके साथ ही ये बालों की बदबू को भी कम करने में मदद करता है।

## स्किन टाइप के अुनसार घर पर ही बनाएं नाइट क्रीम

स्किन की बेहतर केयर करने के लिए नाइट क्रीम का इस्तेमाल करना जरूरी है। हालांकि, जब आप इसे घर पर ही बना रही हैं तो आपको आपकी स्किन टाइप का खासतौर से ख्याल रखना चाहिए।

अमूमन यह देखने में आता है कि लोग सुबह उठकर नहा-धोने के बाद अपनी स्किन की केयर करने के लिए क्रीम का इस्तेमाल करते हैं। जबकि रात में भी आपकी स्किन को उतनी ही केयर की जरूरत होती है। रात के समय में आपकी स्किन रिपेयर होती है, इसलिए जब आप रात को सोने से पहले नाइट क्रीम का इस्तेमाल करती हैं तो आपको कम समय में अधिक बेहतर रिजल्ट देखने को मिलते हैं। इससे आपकी स्किन हाइड्रेट रहती है और अधिक स्मूथ, सॉफ्ट व हेल्दी नजर आती है।

यूं तो आपको मार्केट में कई ब्रांड्स की अलग-अलग नाइट क्रीम मिल जाएंगी, लेकिन अगर आप चाहें तो इसे खुद घर पर भी बना सकती हैं। होममेड नाइट क्रीम पॉकेट फ्रेंडली होती है, लेकिन यह आपकी स्किन पर भी बेस्ट रिजल्ट दे, इसलिए आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखने की जरूरत होती है। मसलन, आप हमेशा अपनी स्किन टाइप को ध्यान में रखकर नाइट क्रीम बनाएं, जिससे आपकी स्किन से जुड़ी समस्या आसानी से दूर हो सके। तो चलिए आज



इस लेख में हम आपको आपकी स्किन टाइप के अनुसार नाइट क्रीम बनाने के तरीकों के बारे में बता रहे हैं-

**रूखी त्वचा के लिए नाइट क्रीमः** रूखी स्किन के लिए नाइट क्रीम बनाते समय आपको ऐसे इंग्रीडिएंट्स का इस्तेमाल करना चाहिए, जो आपकी स्किन को गहराई से नमी व पोषण प्रदान करें। ऐसे में आप शिया बटर, नारियल तेल, बादाम तेल और लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की मदद से नाइट क्रीम तैयार कर सकते हैं। शिया बटर और नारियल तेल को सबसे पहले डबल बॉयलर में पिघलाएं। एक बार पिघलने के बाद आप इसे आंच से उतारें और बादाम तेल और लैवेंडर एसेंशियल ऑयल डालकर मिलाएं।

## कार्नर न्यूज

### इस खास दिन के लिए खुद को करें बेहतर प्लानिंग के साथ तैयार

## आजादी का जश्न मनाने अपने कपड़ों से लेकर मेकअप तक में दिखाएं देशभक्ति

*15 अगस्त के दिन हर कोई अपने-अपने तरीके से स्वतंत्रता दिवस मनाता है। ये दिन हर किसी के लिए बेहद खास होता है। इस दिन का जश्न मनाने का मौका हमें तब मिल पाया है, जब देश की आजादी के लिए न जाए कितने वीरों ने अपनी जान कुर्बान कर दी। ऐसे में हर कोई 15 अगस्त के दिन न सिर्फ आजादी का जश्न मनाता है बल्कि साथ में शहीद वीरों को भी नमन करता है। इस दिन लोग अपने कॉलेज और दफ्तरों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होते हैं। अगर आप भी इस बार अलग और खास तरह से स्वतंत्रता दिवस मनाना चाहती हैं तो इस स्वतंत्रता दिवस आप अपने कपड़ों से लेकर मेकअप तक से देशभक्ति की झलक दिखाएं।*



### ट्राई कलर सूट

स्वतंत्रता दिवस के दिन अगर अपना खूबसूरत अंदाज दिखाना चाहती हैं तो कपड़े पहनते वक्त कुछ बातों का ध्यान रख। आप चाहें तो इस तरह का सूट पहन सकती हैं। अगर ये नहीं पहनना चाहतीं तो तिरंगा के रंगों वाले सूट का चयन करें। इसके अलावा आप साधारण सफेद रंग का सूट भी पहन सकती हैं।

### ट्राई कलर मेकअप

अपने स्वतंत्रता दिवस के लुक को पूरा करने के लिए इस तरह का मेकअप जरूर करें। ऐसा ट्राई कलर मेकअप आपकी खूबसूरती में न सिर्फ चार चांद लगाएगा, बल्कि ये आपके लुक को अलग दिखाने में भी मदद करेगा।

### ट्राई कलर चूड़ियां

तिरंगा सूट के साथ हाथों में ट्राई कलर की चूड़ियां अवश्य पहनें। ऐसी चूड़ियां आप साधारण से सफेद रंग के सूट के साथ भी पहन सकती हैं। अगर आपके पास कांच की चूड़ियां नहीं हैं तो आप ऐसी धागे के वर्क वाली चूड़ियों को भी पहन सकतती हैं।

### तिरंगा ईयररिंग्स

इस तरह के ईयररिंग्स देखने में काफी खूबसूरत लगते हैं। ये आपको बेहद कम दामों में बाजार में मिल जाएंगे। ऐसे में आप इसे खरीदकर अपने कलेक्शन में शामिल कर सकती हैं। भले ही आप तिरंगा सूट न पहनें लेकिन आप इस तरह के ईयररिंग्स पहनकर अपना अलग अंदाज दिखा सकती हैं।

### तिरंगा नेलपैंट

अगर आपके पास वक्त है तो आप इस तरह की नेल आर्ट भी अपने नाखूनों पर करा सकती हैं। ऐसी नेल आर्ट कराने के लिए आपको थोड़ी मेहनत अवश्य लगेगी, लेकिन ये आपके नाखूनों की खूबसूरती को बढ़ा देगी।

### तिरंगा हेयर एक्सेसीरिज

इस तरह का हेयर बैंड आपको आसानी से बाजार में मिल जाएंगे। आप चाहें तो इसे घर पर भी बनाकर तैयार कर सकते हैं। इसे बनाने के लिए आपको तिरंगे के रंगों वाले कपड़े या फिर मोतियों की जरूरत पड़ेगी।